
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 330 | ग्वालियर , 24 सितम्बर रविवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## जनआक्रोश नहीं क्षमा यात्रा नाम रखें कांग्रेसः पवैया

### पवैया ने दावा किया कि भाजपा की जनआर्शीवाद यात्रा से अपार समर्थन

**ग्वालियर।** पूर्व बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने कहा है कि भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के बाद कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा का नाम बदल कर क्षमा यात्रा रख लेना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि पहले जो कांग्रेस के नेता कहते थे कि राम लला हम आयेंगे मंदिर वहीं बनायेंगे लेकिन तारीख नहीं बतायेंगे वह अब देख लें कि मंदिर का निर्माण हो चुका है और उसका शुभारंभ जनवरी 24 के अंतिम सप्ताह में होगा। ऐसे में कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी अपनी मम्मी श्रीमती सोनिया गांधी के साथ अयोध्या जाकर भगवान श्री राम के दर्शन कर अपने पापों को धो लें। पूर्व मंत्री पवैया जन आशीर्वाद यात्रा के समापन के बाद आज यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की पहली जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान भाजपा को अपार जन समर्थन मिला है वहीं वह स्वयं चंदेरी से लेकर लटेरी तक और मालवांचल में कई जगहों पर जनआशीर्वाद यात्राओं में साथ रहे।



इस दौरान लोगों का इस दौरान महिलाओं का सैलाव भी यात्रा में शामिल हुआ इसे देख वह स्वयं कह सकते है कि नवंबर में होने वाले चुनावों में भाजपा सरकार बनायेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा 10643 किलो मीटर चली यात्रा 51 जिलों की 210 विधान सभा में पहुंची। इस यात्रा में 25 लाख लोगों से सीधा संपर्क किया। वहीं 14 लाख नये सदस्य बनाये। भाजपा ने सभाओं में राम मंदिर, धारा 370 आदि का जिक्र किया वहीं कोरोना काल में दो डोज को भी लोग दिखाते थे। महाकाल लोक, शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की गई है जिससे भी लोग संस्कृति की प्रति समर्पण के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं इंडी एलायंस के एक सदस्य के बेटे उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन का अपमान उसके बाद कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का बयान की चर्चा होते ही लोगों में आक्रोश का ज्वार देखा गया है। कांग्रेस मध्यप्रदेश के 95 प्रतिशत सनातनियों की बजाय 5 प्रतिशत के बल पर सरकार बनाने का सपना देख रही है। सनातन को लेकर लोगों में पीढा है और वह समय आने पर ईवीएम में प्रकट करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जनाक्रोश यात्रा शुरू की है । अब कमलनाथ यात्रा का नाम बदलें और क्षमा याचना यात्रा नाम रखें। वहीं कांग्रेस सनातन, कर्ज माफी किसानों की कर्ज माफी नहीं होना, संबल योजना को बंद करने के लिए माफी मांगे। इतना ही नहीं कांग्रेस के मंचों पर कार्यकर्ता पदाधिकारी आपस में लड रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी एनजीओ से सर्वे तैयार कराकर भ्रम जाल फैला रहे हैं। पवैया ने इस अवसर पर महिलाओं से लेकर अन्य लोगों की लाभ की योजनाओं को भी बताया।

## न्यूज ट्रैक

### हमसफर एक्सप्रेस में लगी भीषण आग, यात्रियों में मचा हड़कंप



**नई दिल्ली।** गुजरात से आगजनी की एक बड़ी खबर सामने आई है. वलसाड में एक एक्सप्रेस ट्रेन में शनिवार को अचानक से भीषण आग लग गई है, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया है. ट्रेन रुकते ही फटाफट यात्री उतर गए. सूचना पर पहुंची रेलवे प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया. ट्रेन में आग लगने का एक वीडियो भी सामने आया है. इस वीडियो में ट्रेन से धुएं के गुब्बारे उठते दिख रहे हैं. हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद जा रही थी. वलसाड के छिपवाड में ट्रेन की एक बोगी में अचानक से भीषण आग लगई है. आग लगते ही लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया. ये आग यात्री बोगी में लगी थी. इसके बाद आग लगी बोगी से यात्रियों को फटाफट सुरक्षित निकाला गया. हालांकि, इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है. हमसफर एक्सप्रेस में आगजनी की सूचना मिलते ही नजदीकी रेलवे स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंच गए. इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझा दिया. रेलवे प्रशासन की टीम ने यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया है. हालांकि, अभी तक आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है. रेलवे की टीम इस घटना की जांच पड़ताल कर रही है. अब इस रूट पर आगे वाली ट्रेनों को रोक दिया गया या उनके रूट्स बदल दिए गए हैं.

### अनुपम खेर ऑटोबायोग्राफिकल प्ले कुछ भी हो सकता है के लिए पहुंचे कोलकाता



**कोलकाता।** दिग्गज एक्टर अनुपम खेर अपने नए ऑटोबायोग्राफिकल प्ले कुछ भी हो सकता है के परफॉर्म के लिए पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता गए हैं। एक्टर ने कहा है कि वह और ऑडियंस हंसी, खुशी, दुख और जीवन के क्षणों में हिस्सा लेंगे। अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) पर एक्टर ने लिखा, नमस्कार कोलकाता। कल शाम 7 बजे साइंस सिटी ऑडिटोरियम में अपने ऑटोबायोग्राफिकल प्ले कुछ भी हो सकता है के परफॉर्म के लिए कोलकाता में हूं। मुझे बताया गया, शो खचाखच भरा है। उन्होंने बांग्ला में आगे लिखा, आप और मैं एक साथ मिलकर कुछ हंसी, कुछ आंसू, प्यार और कुछ जिंदगी के पल साझा करेंगे। अनुपम खेर रविवार शाम 7 बजे कोलकाता में अपना नया प्रोजेक्ट लॉन्च करेंगे, और उनके आगमन से पहले बताया गया था कि पूरा शो पहले ही बुक हो चुका है, जो अभिनेता के लिए बंगालियों के बीच उत्साह को दर्शाता है। अनुपम खेर विवेक अग्निहोत्री की बायो-साइंस फिल्म द वैक्सीन वॉर में नजर आएंगे।

### ओडिशा में नाबालिग लड़की से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के रायगड़ा जिले में एक आश्रम स्कूल के एक कर्मचारी ने नाबालिग छात्रा के साथ बलात्कार किया, जिसके बाद तनाव पैदा हो गया है। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इसी स्कूल में चपरासी के पद काम करता है। पीड़िता तीसरी कक्षा की छात्रा है। आरोपी ने शुक्रवार को लंच ब्रेक के दौरान नाबालिग का जबरन बलात्कार किया। गंभीर रूप से घायल पीड़िता को बचाया गया और बाद में इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी ले जाया गया। पीड़िता की हालत बिगड़ने पर उसे रायगड़ा के जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) में स्थानांतरित कर दिया गया। पीड़िता की मां ने स्थानीय पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। इस बीच पीड़िता के परिजनों ने अन्य ग्रामीणों के साथ स्कूल में प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि, डांगसील चौकी की एक पुलिस टीम तुरंत स्कूल पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रायगड़ा के एसपी विवेकानंद शर्मा ने कहा कि मौके पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपी को सौंपने की मांग की। जब पुलिस ने बात मानने से इनकार कर दिया तो ग्रामीण पुलिस से उलझ गये। हमारी टीम ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की और उन्हें कानून अपने हाथ में न लेने की सलाह दी, लेकिन वे नहीं माने। जल्द ही, ग्रामीण उग्र हो गए और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। बाद में गुस्साई भीड़ ने चौकी पर खड़ी पुलिस वैन में आग लगा दी। हमारे कई पुलिस कर्मियों को पथराव के कारण चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस ने हिंसा और आगजनी में शामिल कई ग्रामीणों को हिरासत में लिया है।

## जी 20 की सफलता में क्या है काशी का योगदान ? प्रधानमंत्री मोदी ने बताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी दौरे पर हैं. उन्होंने काशी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम समेत कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. साथ ही पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के 18 जिलों में अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत 16 स्कूलों का उद्घाटन किया. इसके बाद उन्होंने कहा कि काशी आज चमक रही है. काशी दुनिया में आकर्षण का केंद्र है.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में कहा कि जी 20 समिट के जरिए भारत ने पूरी दुनिया में अपना झंडा गाड़ा है, लेकिन उसमें काशी की सेवा विशेष है. जी 20 के लिए जो जो मेहमान काशी आए हैं वे इसे अपनी यादों में साथ लेकर गए हैं. मैं मानता हूं कि जी 20 की सफलता महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुई है. बाबा की कृपा से काशी अब विकास के अभूतपूर्व आयाम गढ़ रही है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज ही मैंने बनारस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया है. आज मुझे यहां उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों के लोकार्पण का भी अवसर मिला है. मैं इन सभी उपलब्धियों के लिए काशी वासियों, उत्तर प्रदेश के लोगों और श्रमिकों को बधाई देता हूं. उन्होंने आगे कहा कि जब मैं 2014 में यहां आया था, तो मैंने जिस काशी की कल्पना की थी, विकास और विरासत का वो सपना अब धीरे-धीरे साकार हो रहा है.

वाराणसीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज ही मैंने बनारस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया है। आज मुझे यहां उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों के लोकार्पण का भी अवसर मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि मुझे विश्वास है कि बनारस के लोगों के प्रयास से आने वाले वर्षों में ये सांस्कृतिक महोत्सव अपने आप में काशी की एक अलग पहचान बनने वाला है. देश और दुनिया के पर्यटकों के लिए काशी आकर्षण का एक नया केंद्र बनेगा. काशी और संस्कृति एक ही ऊर्जा के दो नाम हैं. काशी को तो देश की सांस्कृतिक राजधानी होने का गौरव प्राप्त है, यहां की गली गली में गीत गूंजते हैं. ये स्वाभाविक भी है, क्योंकि ये नटराज की अपनी नगरी है.

### यूपी में आरक्षित सीटों पर महिलाओं की तुलना में पुरुषों को ज्यादा फायदा

लखनऊ। यदि कोई ऐसा राज्य है, जहां महिलाओं के लिए आरक्षण के कारण उनकी तुलना में पुरुषों को अधिक लाभ हुआ है, तो वह उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश में 9.1 लाख पंचायत प्रतिनिधियों में से 3,04,638 महिलाएं हैं। फिर भी जमीनी स्तर की महिला नेताओं के ठोस और परिवर्तनकारी योगदान को दरकिनार कर दिया गया है।

### वायरल हो रहे कपल के वीडियो पर बवाल जारी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया की दुनिया में कब क्या देखने मिल जाए कुछ पता नहीं होता है. कई बार कुछ ऐसे वीडियो सामने आते हैं जिन्हें देखने के बाद हैरानी होती है. आज हम जिस वायरल वीडियो के बारे में बात करने जा रहे हैं वह कथित तौर पर एक कपल का वायरल वीडियो है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जालंधर के एक मशहूर कपल का कथित वीडियो ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है. वीडियो वायरल होने के बाद कपल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर दिया है यह वीडियो 20 सितंबर को वायरल हुआ था. वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर एक बड़ा तपका ने मीम्स बनाना शुरू कर दिया और यहां तक कि कुछ यूजर्स वीडियो का लिंक भी मांगने लगे. मतलब सोशल मीडिया पर ऐसे भी यूजर्स हैं जिन्हें शर्म नहीं है और खुलेआम लिंक की मांग कर रहे हैं. जबकि जिस जोड़े का कथित वीडियो वायरल हुआ था, वह लोगों से हाथ जोड़कर वीडियो शेयर न करने की गुजारिश कर रहा था. लेकिन इसके बाद भी शेमलेस की तरह कई यूजर्स वीडियो के लिंक मांगते रहे.

### पीएम मोदी ने विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किया. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन वसुधैव कुटुंबकम की भारत की भावना का प्रतीक बन गई है। किसी भी देश के निर्माण में वहां की कानूनी बिरादरी की बहुत बड़ी भूमिका होती है. भारत में वर्षों से न्यायतंत्र भारत की न्याय व्यवस्था के संरक्षक रहे हैं. पीएम मोदी ने कहा कि आज यह सम्मेलन एक ऐसे समय में हो रहा है जब भारत कई ऐतिहासिक निर्णयों का साक्षी बना है। एक दिन पहले ही भारत की संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण देने का कानून पास किया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ ही दिन पहले त20 के ऐतिहासिक आयोजन में दुनिया ने हमारी प्रजातंत्र, जनसांख्यिकी और हमारी कूटनीति की झलक भी देखी. एक महीने पहले आज ही के दिन भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बना था. पीएम मोदी ने कहा कि साइबर आतंकवाद हो, मनी लॉन्ड्रिंग हो, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो, विभिन्न मुद्दों पर सहयोग के लिए ग्लोबल फ्रेमवर्क तैयार करना सिर्फ किसी शासन या सरकार से जुड़ा मामला नहीं है.

## दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी को उकसाने के लिए पीएम मोदी के खिलाफ की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों द्वारा रमेश बिधूड़ी के खिलाफ विशेषाधिकार के उल्लंघन के मामले में लोकसभा स्पीकर से कार्रवाई करने की मांग के बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 21 सितंबर को चली चर्चा के दौरान बसपा सांसद दानिश अली सहित कई अन्य विपक्षी सांसदों द्वारा किए गए व्यवहार को गलत बताते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच के लिए एक जांच समिति बनाने की मांग की है। स्पीकर बिरला को लिखे पत्र में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पूरे घटनाक्रम का वर्णन करते हुए हुए लिखा है कि उस दिन रमेश बिधूड़ी ने जो भी कहा था वो निंदनीय था लेकिन तथ्य यह है कि बिधूड़ी के पूरे भाषण के दौरान, उस



दिन दानिश अली लगातार रनिंग कमेंट्री कर रहे थे और बिधूड़ी को परेशान करने और उन्हें उकसाने के उद्देश्य से सभी के प्रति अभद्र टिप्पणियां भी कर रहे थे, जिससे उनकी शांति और संयम खो जाए और वह सदन में सही तरीके से अपने विचार व्यक्त न कर पाएं। दुबे ने स्पीकर बिरला को लिखे पत्र में आगे आरोप लगाया कि दानिश अली लगातार रमेश बिधूड़ी को उकसाने का प्रयास कर रहे थे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और निंदनीय टिप्पणी की, जिसे सुनकर कोई भी देशभक्त जनप्रतिनिधि अपनी शांति खोकर और उनके जाल में फंसकर अप्रिय बोल सकता था और उस दिन ऐसा ही हुआ।

## राहुल गांधी बोले- हमने महिला आरक्षण का समर्थन किया



**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिरोजम राज्य शामिल हैं. राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अभी से अपनी तैयारी तेज कर दी है. इस वक्त राज्य में कांग्रेस की सरकार है. इसी क्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को जयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया और केंद्र पर जमकर हमला बोला. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सीएम अशोक गहलोत के साथ नए कांग्रेस दफ्तर की आधारशिला रखी. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जयपुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पहले महिला आरक्षण बिल की बात नहीं थी. पहले हिंदुस्तान के नाम को बदलने की बात थी, लेकिन उन्हें पता लग गया कि जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी. वे घबरा गए क्योंकि विशेष सत्र की घोषणा पहले ही हो चुकी थी. इसलिए वे महिला आरक्षण बिल लेकर आए. महिला आरक्षण का हमने पूरा समर्थन किया है. उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी कह रही है कि महिला आरक्षण लागू करने से पहले नई जनगणना और परिसीमन की जरूरत है, लेकिन यह सच नहीं है. विधानसभा और लोकसभा की 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं को आज दी जा सकती हैं, लेकिन बीजेपी महिला आरक्षण को 10 साल में लागू करना चाहती है. हम चाहते हैं कि इसे लागू किया जाए और ओबीसी महिलाओं को इसका लाभ मिले.

## नारी अभिनंदन कार्यक्रम में पीएम मोदी बोले, कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें ऐसा समाज तैयार करना है, जिसमें किसी नारी को आगे बढ़ने के लिए किसी की भी जरूरत न पड़े, इसीलिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया है। कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत है। पीएम मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी में नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन जैसा ऐतिहासिक कानून पास होने के बाद मैं सबसे पहले काशी में आप सबका आशीर्वाद लेने आया हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि इतनी बड़ी संख्या में आप हमें आशीर्वाद दे रहे हैं। कुछ ही समय में दुर्गा पूजा का उत्सव शुरू होने वाला है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने इस बार दुर्गा पूजा के उत्साह को और भी कई गुना बढ़ा दिया है। लेकिन, कुछ लोगों को वंदन शब्द से परेशानी है। उन्होंने पूछा कि माताओं-बहनों का वंदन नहीं होगा तो किसका होगा। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि तीन दशकों से बिल अटका हुआ था, विरोध करने वाले भी समर्थन में आ गए। काशी और पूरे देश की महिलाओं को बधाई देता हूं। महिला सांसदों



की संख्या बड़ेगी। इस बिल में सबने नारी का सामर्थ्य देखा। महिलाएं देश की शक्ति हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा देश शुरू से पुरुष प्रधान रहा है। लेकिन, जब से हमारी सरकार बनी है। खेल के मैदान से लेकर राफेल उड़ाने तक महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। हमने मुद्रा योजना शुरू की। इसका सबसे ज्यादा फायदा महिलाओं को मिला। जितने भी छोटे-बड़े उद्योग जो बंद होने थे, उन्हें फिर से गति मिली है। महिलाएं आज देश की तरक्की में भगीदारी निभा रही हैं। वे अपने हुनर से अपने इलाके में पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल ने नवरात्र का उत्साह बड़ा दिया है। इस बिल से महिलाओं के सपने पूरे होंगे और उनका विकास तेज होगा। अब देश बदल रहा है। प्रॉपर्टी में महिलाओं का नाम को तरजीह दी जा रही है। महिलाओं को मुद्रा योजनाओं का फायदा मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी में टूरिस्ट गाइड जैसी फील्ड में महिलाओं को आगे आना चाहिए। इससे बनारस की बहनों का रोजगार मिलेगा और महिला टूरिस्ट को भी अच्छा लगेगा। मैं चाहता हूं कि महिला टूरिस्ट गाइड अपने काशी की जानकारी पर्यटकों को बताएं।

## थाना दिनारा पुलिस द्वारा 07 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिओम चतुर्वेदी पत्रकार

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदोरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनु विभाग करेरा द्वारा चलाए जा रहे स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटीयो की धर पकड़ हेतु अभियान के पालन में दिनांक 20 /09/2023 को दौराने स्थाई वारंटी तलाश इलाका दीगर अपराध क्रमांक 558/16 धारा 279,337 भादवि एवं न्यायालय करेरा के प्रकरण क्रमांक 2553/16 का फरार स्थाई वारंटी मलखान पुत्र मनीराम पाल उम्र 34 साल निवासी ग्राम सपा खाना बबीना जिला झांसी उत्तर प्रदेश को पुराने थाने के पास दिनारा मुखबिर की सूचना पर से विधिवत गिरफ्तार किया गया स्थाई वारंटी न्यायालय करेरा पेश किया गया उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किए जाने में थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव ,विवेक भट्ट, विनोद गौतम, हिमांशु चतुर्वेदी, मृत्युंजय गौतम, राजपाल जाट की सरहानिए भूमिका रही।

## पिछोर डीएसपी प्रशांत शर्मा ने खेलो एमपी शिवपुरी के लिए 100 खिलाड़ियों का दल झंडी दिखाकर किया रवाना

राकेश परिहार पिछोर





पिछोर। मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी ट्रायल प्रतियोगिता दिनांक 23 सितंबर से 24 सितंबर 2023 तक माधवराव सिंधिया खेल परिषद स्टेडियम शिवपुरी में आयोजित की जा रही है। खेल एवं युवा विभाग द्वारा यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के सभी जिलों में की जा रही है राज्यस्तर पर जो भी छात्र-छात्रा जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है।बह इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 31000 रुपए द्वितीय 21000 रू.तथा तृतीय पुरस्कार 11000 रू. रखा गया हैद्य खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत आज पिछोर विकासखंड से 100 छात्र/छात्राओं को खेलों के लिए पिछोर एसडीओपी प्रशान्त शर्मा (पुलिस) द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में सभी बच्चों से चर्चा करते हुए उनके वाहन को हरी झंडी दिखाकर शिवपुरी के लिए रवाना किया गया, इससे पूर्व एसडीओपी शर्मा द्वारा बच्चों को खेलों के प्रति जानकारी देते हुए बताया गया कि खेलों से शरीर के विकास के साथ-साथ हमारे मन का भी विकास होता है ,और अच्छे खेलों के माध्यम से हम ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। जिनका चयन राज्यस्तर या बड़े स्तर पर होता है तो बह हमारे देश का नाम रोशन करते हैं । इसलिए आप लोग अच्छी अच्छी खेल स्पर्धाओं में खेलकर मेडल आदि जीते एवं हमारे क्षेत्र का नाम रोशन करेंद्य साथही पिछोर विकासखंड से ग्रामीण युवा समन्वयक अतर सिंह गौर ( जोंटी गुरु) की देखरेख में यह सभी खिलाड़ीयों का चयन कर जिला के लिए प्रतियोगिता में भाग लेने समिलित किया गया है।

## प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री बजरंग अखाड़ा के तत्वाधान में डोल ग्यारस चल समारोह परंपरागत ढंग से निकाला जायेगा

रिपोर्टर- प्रतिश अग्रवाल, पुष्पांजलि टुडे

मधुसुदनगढ-प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री बजरंग अखाड़ा के तत्वाधान में डोल ग्यारस चल समारोह परंपरागत ढंग से निकाला जायेगा। पूजा अर्चना होने के पश्चात भोपाल रोड़ बगीचा मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से गुना रोड़ होते हुए चोपड़ा कुआ के गुप्तेश्वर महादेव के मन्दिर एवं नरसिंग मंदिर में पूजा अर्चना के बाद ढोल नगाड़ों के साथ कंपाउंडर साहब वाली गली में से होकर गुना रोड रेस्ट हाऊस पहुंचेगी। जहां से परंपरागत ढंग से डोल ग्यारस अखाड़ा निकाला जायेगा। जो कि पुनः गुना रोड मुख्य बाजार होते हुए। भोपाल रोड़ भड़ेर की नदी पहुंचेगा। श्री बजरंग अखाड़े के सदस्य प्रति वर्ष पूरे एक महीने पहले से तैयारियों में जुट जाते है।डोल ग्यारस पर ढोल नगाड़ों एवं पुरे उत्साह के साथ डोल ग्यारस का चल समारोह निकाला जाता है।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने बालग्रह के बालकों को वितरित किए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के निर्देशन में तथा जिला न्यायाधीश सचिव अर्चना सिंह की अध्यक्षता में गत दिवस शिशु ग्रह /बालगृह मंगलम शिवपुरी में विधिक साक्षरता शिविर के साथ-साथ बाल गृह में निवासरत बच्चों के मध्य देश के महापुरुषों पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालकों को आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता एवं जिला न्यायाधीश अर्चना सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले बालकों में से प्रथम स्थान पर बालक दिलीप यादव, द्वितीय स्थान पर बालक विकासपुरी गोस्वामी एवं तृतीय स्थान पर बालक कपिल कडेरा रहे। इस अवसर पर बाल गृह मंगलम शिवपुरी से अधीक्षक मनीषा कृष्णानी एवं बाल कल्याण अधिकारी हिम्मत सिंह रावत सहित बालक उपस्थित रहे।

# भूख प्यास से मर रही गायों को सहारा देने के लिए सामने आए समाज सेवी दिया इस कलेक्टर को ज्ञापन

### बोलो जिम्मेदारी हमे दो नहीं, मरेगी एक भी गाय

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी के वार्ड क्रमांक 16 लुधावली में एक बहुत ही विशाल गौशाला संचालित है जिसे पशुपालन विभाग के सहयोग से नगर पालिका शिवपुरी द्वारा संचालित किया जाता है। यहां पर पिछले कई दिनों से नगर पालिका की लापरवाही से भूख-प्यास एवं बीमारियों से प्रतिदिन अनेक गायों की अकाल मौत हो रही हैं। जिसके कारण शिवपुरी नगर के गौ भक्त सामाजिक कार्यकर्ता अत्यधिक दुखी हैं। नगर पालिका के पूर्व इस गौशाला को शिवपुरी शहर के सैंकडों गौभक्त कार्यकर्ताओं के सहयोग से द्वारकाधीश सेवा समिति द्वारा संचालित किया जता था उस समय शहर वासियों ने अपना तन-मन-धन से सहायोग देकर लुधावली गौशाला को आदर्श गौशाला के रूप में स्थापित कर दिया था।

इस गौशाला के आस-पास 55-60 बीघा चरनोई भूमि थी जिस पर जिम्मेदारों ने अवैध कब्जा करा दिया है जिसे तत्काल मुक्त कराना अति आवश्यक है। शिवपुरी के वार्ड क्रमांक 16 में संचालित गौशाला को शिवपुरी शहर की सेवा भावी संस्था द्वारकाधीश सेवा समिति को गौशाला की व्यवस्थाओं को संचालित करने की जिम्मेदारी प्रदान करें जिसमें नगर पालिका शिवपुरी द्वारा सिर्फ भूसा, दवाई एवं अनुभवी कर्मचारियों की व्यवस्था की जाये। अन्य व्यवस्थाओं के लिए समिति को स्वतंत्र रहने दिया जाये शिवपुरी गौशाला की स्थिति तभी सुधर सकेगी। शिवपुरी गौशाला में जमीन पर तत्काल फर्सी बिछ्वाई जाये ताकि गायों के खुर में




इन्फैक्शन न हो क्योंकि कीचड़ के कारण भी गायों को बहुत बीमारी हो रही है। लम्पी रोग से बचने के लिए गायों का तत्काल टीकाकरण कराया जाये। गौशाला की जमीन पर जो अतिक्रमण हो चुका है उस जगह को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराकर गौशाला के लिए संरक्षित कराया जाये। इस सम्पूर्ण व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए समिति के साथ जिला कलेक्टर, स्थानीय विधायक, पुलिस अधिक्षक एस.डी.एम. एवं अन्य रूचि मंद जनप्रतिनिधि एवं गौ सेवा में योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी जोडा जाये तभी शिवपुरी गौशाला की स्थिति में सुधार हो सकेगा।

## अपहरण की गलतफहमी में लड़की चार पहिया गाड़ी से कूदी हुई घायल

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी**-तेंदुआ थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम भेड़ोंन से अ रही है जहां स्कूल जा रही 10 व 12 वर्ष की बच्चियों के गलतफमी के चलते लगा की शेर सिंह नाम का सरदार उसको अपहरण करके ले जा रहा है जबकि बच्चियों स्वयं ही स्कूल जाने के लिए मदद मांगी थी। जिसके एवज में शेर सिंह नाम का सरदार बच्चियों को अपनी गाड़ी में बिठाकर स्कूल के आगे छोड़ देता है। और वही बच्चीयों को ऐसा लगता है कि वह उनका अपहरण करके कहीं और ले जा रहा है क्योंकि गाड़ी स्कूल से 100 मीटर आगे रूकती है। इसलिए वह चलती गाड़ी में से खुद जाती है जिससे कारण बच्चि को कुछ चोटे आ जाती हैं जिससे गबराह कर सरदार लड़की का इलाज कराने के लिए हॉस्पिटल ले जाने को बोलता है लेकिन लड़की इलाज अपने मां-बाप के साथ ही करवाना चाहती है इसलिए वह सरदार के साथ में नहीं गई इस पर सरदार लड़की को कुछ पैसे देकर चला जाता है। तेंदुआ थाना प्रभारी के अनुसार मामला अपहरण का नहीं है यह गलतफहमी लोगों ने फैला दी जबकि सरदार हमेशा इन लड़कियों को लिफ्ट देता रहता है।

## देवेंद्रनगर से पशु तस्करी चरम पर रात्रि के अंधेरे में बेखौफ भरे जा रहे कंटेनर

**गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

आवारा मवेशी जहां किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गए है वही सहर गांव में ट्रेफिक व्यवस्था में भी बाधक बन रहे हैं वही आवारा पशु कुछ धनलोलूप तस्करों के लिए मोटी कमाई का जरिया बन गया है।देवेंद्र नगर से लगा मुटवा,बसई और सिलगी क्षेत्र तस्करों के लिए पशुधन लोड करने के लिए मुफीद जगह बन पड़ी हैं।

कंटेनर में डबल रैक बना कर सैकड़ों की संख्या में पशुधन को क्रूरता से भर कर अन्य राज्यों तक पहुंचाया जाता है और इस एवज में स्थानीय पशु तस्करों को लाखो रुपए बतौर मध्यस्थ प्राप्त होते है। अपने कार्य में माहिर और शातिर तस्कर इतनी सफगोई से इस कार्य को अंजाम देते है की स्थानीय पुलिस तंत्र को इसकी भनक तक नहीं लगती,इनके द्वारा एक 4 पहिया और कुछ दो पहिया वाहनों में पुलिस और मुखबिरों की रेकी के लिए कई चक्कर कंटेनर के गुजरने वाले मार्ग पर लगाए



जाते है ताकि रास्ता पूरी तरह से साफ है या नही इसकी तस्दीक की जा सके ।यहां तक की यदि लोडिंग के दौरान कंटेनर जंगल में मिट्टी में धस जाए तो बेखौफ तस्करों द्वारा जेसीबी के उपयोग को खबरे तक सामने आई है।

**आमजन की क्या भूमिका है**-जिन चिन्हित जगहों से पशु तस्करी होती है वो स्थान जंगल में भले ही सही पर गांव के नजदीक होने के बावजूद स्थानीय जनता द्वारा इसकी सूचना पुलिस को नहीं देना,आवारा मवेशियों को जंगल की तरफ हांक देने से पशु तस्करों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगी की भूमिका निभाने जैसा ही है,दूसरी तरफ तस्कर आपराधिक किस्म के लोगों का समूह होता है जिनसे आमजन चाह कर इनके निशाने पर नही आना चाहता।

**पुलिस की क्या भूमिका है**- पुलिस प्रशासन को अपने मुखबिर तंत्र को मजबूत बना कर इनकी धरपकड़ किया जाना चाहिए लेकिन लगातार हो रहे स्थानांतरण और वीआईपी ड्यूटी की वजह से स्थानीय स्टाफ की कमी से ऐसे महत्वपूर्ण काम हासिए पर चले जाते है वही तस्कर भी पुलिस के एक्शन प्लान की गुप्त जानकारी रखते है जिसकी वजह से पुलिस के लिए कार्य मुश्किल हो जाता है।दूसरी ओर अपने कर्तव्य से विमुख एकाध पुलिस कर्मी की संदिग्ध भूमिका भी इन तस्करों का कार्य आसान करने में सहयोग करती है

**कैसे रुके अवैध पशुधन तस्करी**- आमजन जागरूक होकर पुलिस को सूचना दे और पुलिस तत्परता दिखाए साथ ही नामजद पशु तस्करों की निगरानी करे तो निश्चित ही ऐसे तस्करों पर नकेल कसी जा सकती है।

## ग्राम दौवनटोला पहुंचे विधायक राजेश वर्मा के प्रयास से रोड़ निर्माण स्वीकृत होने पर ग्रामवासियों ने किया सम्मान

**गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

देवेंद्र नगर मुक्ति धाम से डउनटोला पहुंच मार्ग बहुत वर्षो से अपने निर्माण को बाट जोह रहा था लेकिन वर्षो के के इंतजार के बाद भी रोड का निर्माण होने से हजारों की संख्या में निवासरत ग्रामवासी लगातार आंदोलन कर अपनी बात प्रशासन को पहुचाते रहे है लेकिन निर्माण कार्य सुरु नही हुआ जिसको लेकर आखिर चुनावी समय में हजारों ग्राम वासियों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में रोड नही तो बोट नही का नारा बुलंद किया ।विषय की गंभीरता को देखते हुए पूर्व विधायक और बीजेपी से गुनौर विधान सभा के प्रत्याशी राजेश वर्मा ने सांसद वी डी शर्मा के नेतृत्व में सरकारी तंत्र को रोड के निर्माण प्रक्रिया के लिए निर्देशित किया ।अंततः सुदूर सड़क योजना अंतर्गत 15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही डउनटोला की बहुप्रतीक्षित रोड का सपना पूरा होने जा रहा है।राजेश वर्मा की मेहनत वा सहयोग से प्रसन्न ग्रामवासियों में गांव में आमंत्रित कर तिलक लगा कर



इस सौगात के लिए साधुवाद व्यक्त किया। साथ की कहा की रोड नही तो बोट नही के नारे का अब कोई औचित्य नहीं रहा अब वो पुरे खुले दिल से मतदान में अधिकाधिक संख्या में भाग लेंगे।

### किसने क्या कहा

लोगो की मांग को देखते हुए मैंने सांसद महोदय से विशेष आग्रह किया जिसपर उन्होंने संज्ञान लेकर इस रोड के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया जिससे हजारों लोगों को लाभ होगा ।साधुवाद का पात्र में नही बल्कि जनता है जिसने अपने हक के लिए आवाज बुलंद की।

**राजेश वर्मा**
**पूर्व विधायक एवम**
**प्रत्याशी बीजेपी गुनौर विधान सभा**

हमारी मांगों पर कई नेताओं ने आश्वासन तो दिया पर ग्रामवासियों की हित में सार्थक प्रयास जो राजेश वर्मा जी ने किया वो अतुलनीय है हम उनके प्रयास की सराहना करते है और हमेशा आभारी रहेंगे

**प्रधान यादव (डेयरी)**
**ग्रामवासी एवम समाजसेवी**

## सोलंकी परिवार गणपति बप्पा कि भक्ति में लीन

### भारत के चंद्रयान 3 कि झांकी में विराजमान है भगवान गणपति

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे



दमोह। शहर के पुराना बाजार नंबर 1 में रहने वाले सोलंकी परिवार नें गणेश चतुर्थी पर इस बार भारत के सफल चंद्रयान 3 कि झांकी में भगवान गणपति को विराजमान किया है। सोलंकी परिवार के सदस्य ब्रजेन्द्र ठाकुर बिज्जू नें बताया कि हर साल गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश कि मूर्ति विराजमान करते है लेकिन इस बार हमारे देश को गौरवान्वित करने वाले क्षण जिससे हमारे देश का नाम चन्द्रमा कि सतह पर लिख गया जिसे चंद्रयान 3 के नाम से जाना जाता है उन्होंनें बताया कि इसी को देखकर मन में आया कि इस बार घर पर गणेश जी कि मूर्ति को चंद्रयान 3 कि झांकी में स्थापित किया जाये। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों में देवेन्द्र सिंह सोलंकी, राघवेंद्र सिंह सोलंकी, बृजेंद्र सिंह सोलंकी बिज्जू ठाकुर, पूनम सोलंकी, तनु सोलंकी का विशेष योगदान रहता है।

# देश के युवाओं के मन में अतीत का गौरव वर्तमान की पीड़ा और भविष्य के सपने होने चाहिए: विनोद कुमार

### छत्रपति शिवाजी महाराज की पुस्तक का हुआ विमोचन, महर्षि अरविंद जयंती के उपलक्ष में जिला स्तरीय व्याख्यानमाला माला का आयोजन हुआ संपन्न

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे

राज्य शासन के निर्देश पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा महर्षि अरविंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत दमोह के सभागार में किया गया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री विनोद कुमार प्रांत प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश उमरिया संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद अगर द्वारा की गई।कार्यक्रम में श्रीमती प्रीति ठाकुर,जनपद अध्यक्ष दमोह एवम समाजसेवी डॉक्टर सोनल राय बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता और श्री अरविंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विनोद कुमार द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं।इस अमृतकाल में आज हम जिन महापुरुष का स्मरण कर रहे है,उनका भारतीय स्वतंत्राता आंदोलन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महर्षि अरविंद का जीवन दर्शन सभी देशवासियों के लिए प्रेरणाप्रद रहा है उनके द्वारा महर्षि अरविन्द जी की जीवनी को पढेंने , समझें और अनुसरण करने का प्रयास करने को कहा गया ।श्री अरबिंदो घोष का जन्म 15 अगस्त, 1872 को कलकत्ता में हुआ था। वह एक योगी, द्रष्टा, दार्शनिक, कवि और भारतीय राष्ट्रवादी थे जिन्होंने






आध्यात्मिक विकास के माध्यम से पृथ्वी पर दिव्य जीवन के दर्शन को प्रतिपादित किया। 5 दिसंबर, 1950 को पांडिचेरी में उनका निधन हो गया। एक सामान्य नागरिक होने के नाते हमें भी प्रधानमंत्री जी द्वारा पांच संकल्प दिए उनको पूरा करने में अपनी भागीदारी भी निभाई जानी चाहिए।

1- हमको गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना है। 2- शिक्षा व्यवस्था हमारी हो। 3- स्वावलंबी भारत की स्थापना। 4- विरासत पर गर्व की अनुभूति। 5- एकता व एक जुटता ।व्याख्यानमाला कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुस्तक का विमोचन भी किया गया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ सोनल राय द्वारा भी महर्षि अरविंद जी के जीवन से संबंधित उद्धरण प्रस्तु करते हुए कहा कि शिक्षा से व्यक्ति का विकास होता ह।लेकिन पूर्ण विकास के लिए आध्यात्मिक चिंतन की भी आवश्यकता है। महर्षि अरविंद द्वारा भारतीय शिक्षा पद्धति एवं जीवन दर्शन को प्राथमिकता के साथ ज्योत का पक्ष रखा गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति ठाकुर द्वारा अपने उद्बोधन में महिलाओं की शिक्षा एवं उनके विकास हेतु शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक दिनेश उमरिया द्वारा महर्षि अरविंद एवं उनके क्रांतिकारी विचारों कि आज भी आवश्यकता है महर्षि अरविंद सदैव भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर भारत की शिक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था का विकास के हिमायती रहे हैं उनके द्वारा भारत की आध्यात्मिक परंपरा एवं योग परंपरा को आगे बढ़ने का कार्य किया गया ह व्याख्यान वाला कार्यक्रम में दमोह नगर के गणमान्य नागरिक स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि नवांकुर संस्थाओं के सदस्य एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला समन्वयक जन अभियान परिषद श्री नामदेव द्वारा रखी गई एवं कार्यक्रम संचालन हरीश पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड संबंधित उमाशंकर उपाध्यक्ष राजेश बाबू बरगढ़ श्रीमती पुष्पा सिंह वंदना जैन,शीतेश जैन, रीतेश तिवारी एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# नौबस्ता पुलिस ने खनिज माफिया के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (जिला ब्यूरो चीफ)**

रीवा - बनकुइयां सर्किल में सैंकड़ों स्टोन क्रेशर संचालित हैं जिनके विरुद्ध एनजीटी ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बत्तीस स्टोन क्रेशरों को पूर्णतः बंद करा दिया लेकिन उसके बाद भी कुछ स्टोन क्रेशर अवैध

## एक हाइवा कम्प्रेसर ट्रैक्टर सहित जप्त

रूप से संचालित हैं जो सीमेंट कंपनी के खदान क्षेत्र से अवैध रूप से खनिज पत्थर की निकासी कर गिट्टी बना रहे हैं जिनकी खनिज सामग्री यू पी तक पहुंच रही है। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी की सोनरा खदान क्षेत्र नंबर 11 में अवैध रूप से पत्थर तुड़ाई का काम राम कलेश केवट नरौरा का कम्प्रेसर ट्रैक्टर कर रहा था जिसे जप्त कर चालानी कार्यवाही की गई। इसी दौरान रास्ते में खनिज पत्थर लोड हाइवा क्रमांक एम पी 19॥3224 मिला जिसके पास पिटपास परमिट वगैरह कुछ भी कागजात नहीं थे चालक ने बताया कि उक्त हाइवा आदित्य नारायण सिंह का आदित्य स्टोन क्रेशर के लिए पत्थर की ढुलाई का कार्य करता है जिसके संचालक आशुतोष सिंह है जो अपने राजनैतिक रसूख के चलते अवैध खनिज पत्थर निकासी कर पिछले




कई वर्षों से स्टोन क्रेशर संचालित करते आ रहे हैं। नौबस्ता पुलिस ने जब हाइवा में लोड खनिज पत्थर के संबंध में पूंछतांछ कर जानकारी ली तो हाइवा चालक राम कृपाल कोल ने बताया कि कोई कागजात नहीं है। उसके बाद स्टोन क्रेशर संचालक आशुतोष सिंह ने राजनैतिक रसूख का दबदबा बनाकर हाइवा छोड़े जाने का




दबाव पुलिस पर बनाने लगा लेकिन पुलिस ने जप्ती के साथ ही चालानी कार्यवाही की प्रक्रिया पूर्ण कर ली थी जिससे हाइवा के लिए न्यायालय की शरण में ही जाना पड़ेगा। इस तरह पिछले कई वर्षों से लगातार अवैध खनिज निकासी करते हुए खनिज पत्थर की चोरी कर शासन के रॉयल्टी राजस्व को चूना लगाते रहने के कारण अब न्यायालय से भी राजसात की कार्यवाही होना संभावित है सामान्य रूप से जुर्माने के साथ हाइवा मिल पाना संभव नहीं है। नौबस्ता पुलिस चौकी प्रभारी मनोज गौतम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समय-समय पर वाहनों की जांच पड़ताल की कार्यवाही की जाती है उसी तारतम्य में जांच के दौरान हाइवा खनिज पत्थर परिवहन करते पाया गया जांच के दौरान उसके पास खनिज से संबंधित कोई भी कागजात नहीं थे इसीलिए जप्ती की कार्यवाही की जाकर हाइवा को पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि खनिज विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में इस तरह खनिज संपदा की लूट मची है पुलिस ने इस तरह की कार्यवाही कर खनिज माफिया के हौसलों को ध्वस्त करने का प्रसंसनीय कार्य किया है।




## सत्संग से हरि प्राप्ती- अरविंद जी महाराज

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित परशुराम टेकरी पर चल रही 21 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा है जहॉं पंडित अरविंद जी महाराज अपनी तीखी वाणी में भक्तों को श्रीराम कथा का रस पान करा रहे है हरि को प्राप्त करने सत्संग के बिना संभंव नही है सत्संगति दुलर्भ संसारा निमिष दंड भरि एकहि वारा। अर्थात संसार में यदि हरि कथा मिल जाये तो अपना भाग्य समझो चूकि संसार मनुष्य को सत्संग से और हरि से दूर कर देता है चूकि धर्म और भक्ति श्रृद्धा और विश्वास के मिलन से ही संभव है चूकि भगवान शंकर भक्ति के दाता है इसलिये शिव पूजन, आराधना से संसय दूर होते है किसी भी भगवान को मानो परंतु शिव जी की भी आराधना पूजा अवश्य करो। सहज में हो जाती है कथा संयोजक पुरूषोतम चौबे हरिओम, मुकट बिहारी खरे, भगवानदास गर्ग, मनोज चौबे, जयपाल यादव ने धर्मलाभ की अपील की है।

# ईको-पार्क का लोकार्पण आज

## पर्यटन के क्षेत्र में रीवा के लिए सौगात है ईको-पार्क

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो**

रीवा। रीवा में पर्यटन की गतिविधियों को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से ईको-पार्क का निर्माण किया गया है। सैर-सपाटे की गतिविधियों के साथ ईको-पार्क में आधुनिक एडवेंचर गतिविधियों को भी प्रमुखता दी गयी है, जो हर उम्र के सैलानियों को आकर्षित करेगी। ईको-पार्क का लोकार्पण आज 24 सितम्बर को शाम 5ः30 बजे विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसम्पर्क तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक गु? श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक मनगवां श्री पंचूलाल प्रजापति, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक त्योंथर श्री श्यामलाल द्विवेदी, विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री प्रणव प्रताप सिंह, कमिश्नर रीवा संभाग अनिल सुचारी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, सीसीएफ राजेश कुमार राय एवं वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद श्री समीर शुक्ला उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि ईको-पार्क की परिकल्पना




एवं विकास में जनसम्पर्क मंत्री श्री शुक्ल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रीवा जिले में महानगर की तर्ज पर विकसित होने वाला प्रदेश का यह पहला ईको-पार्क होगा। कार्यक्रम में सुश्री सायली कांबले, श्री ऋषि सिंह और सुश्री हर्षी मड द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जायेगी। पर्यटन के क्षेत्र में रीवा का ईको-पार्क नया आयाम स्थापित करेगा - जनसम्पर्क मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ईको-पार्क से रीवा में पर्यटन की गतिविधियों को ब?ावा मिलने के साथ ही रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा। बीहर नदी के तट में स्थित ईको-पार्क प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध है। ईको-पार्क की परिकल्पना में देश के साथ-साथ अंतर्राष्टीय पर्यटन को भी ध्यान में रखकर सुविधाएँ विकसित की गई हैं। यह रीवा को देश के साथ-साथ अंतर्राष्टीय मानचित्र में भी पहचान प्रदान करेगा। मध्यप्रदेश ईको-पर्यटन विकास बोर्ड एवं रीवा लीजर प्रायवेट लिमिटेड के मध्य रीवा शहर में बीहर ईको-पर्यटन एवं एडवेंचर पार्क का निर्माण डीबीएफओटी मॉडल पर जन-भागीदारी से किया गया है। रीवा शहर से निकलने वाली बीहर नदी के टापू पर 5.20 हेक्टेयर भूमि पर ईको-पार्क विकसित किया गया है। ईको-पार्क में सभी के मनोरंजन और सुकून की जरूरी चीजें उपलब्ध कराये जाने का प्रयास किया गया है। प्राकृतिक वातावरण के साथ ईको-पार्क में एडवेंचर स्पोर्ट्स गतिविधियाँ भी विकसित की गयी हैं। ईको-पार्क में जिप लाइन, स्काई साइकिलिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, कमाण्डो क्रॉसिंग, बर्मा ब्रिज, रोप कोर्स, छोटे बच्चों के लिये अत्याधुनिक झूले के साथ कई मनोरंजक सुविधाएँ हैं। पर्यटकों के लिये शानदार विश्व-स्तरीय कैफे, मल्टी क्यूजिन रेस्टोरेंट हैं। साथ ही विंध्य और मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ भी पर्यटक उठा सकेंगे।

## शासकीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय रीवा में उद्यमिता दिवस एवं उद्यमी प्रोत्साहन सम्मेलन का हुआ आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। शासकीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय रीवा में उद्यमिता दिवस एवं उद्यमी प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।इस कार्यशाला में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य स्वदेशी जागरण मंच डॉक्टर आशीष द्विवेदी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शेषमणि शुक्ला जी ने की, महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर आर के तिवारी इस कार्यक्रम के संयोजक रहे तथा एडवोकेट उमेश शुक्ला जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच एवं श्रीमती सुनिती व्यास जिला सहसंयोजक स्वदेशी जागरण मंच विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश तिवारी सहसंयोजक स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा किया गया।इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्यमी बनने तथा अपने जीवन में स्वावलंबी विचारधारा को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को इस संबंध में उदाहरणों के द्वारा स्वाबलंबन को अपने आचरण, व्यवहार तथा जीवन में अपनाने के लिए प्रेरणा दी गई। प्राचार्य शेषमणि शुक्ला जी ने अपने व्याख्यान में कहा कि उन्हें स्वावलंबन को अपनी जीवन में अपने व्यवहार में अपने आचरण में स्थापित करना चाहिए तथा जीवन में एक लक्ष्य बनाना चाहिए लेकिन यदि उसकी प्राप्ति ना हो सकी तो उन्हें दूसरा लक्ष्य भी उसके साथ रखना चाहिए। नौकरी देने वाला बने, नौकरी करने वाला नहीं यह बातें विशिष्ट अतिथि उमेश शुक्ला एडवोकेट जी द्वारा कार्यक्रम में परिचय कराते हुए कहीं। श्रीमती सुनिती व्यास के द्वारा स्वाबलंबन गीत की शानदार प्रस्तुति की गई तथा सभी ने उनके साथ स्वर से स्वर





मिलाकर गीत गुनगुनाया। कार्यक्रम में संजय गुप्ता, मयंक गोयल व श्रीनिवास गुप्ता व्यवसायियों का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया ।आप सभी उद्यमीयों ने अपने अपने अनुभव उद्यम से संबंधित विद्यार्थियों से साझा किए।कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रजेश तिवारी ने किया। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट गान से संयोजक प्रो आर के तिवारी जी के सौजन्य से किया गया एवं आभार प्रदर्शित किया गया।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने 06 कर्मचारियों को किये कारण बताओ नोटिस जारी

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी हेतु आयोजित समीक्षा बैठक 21 सितम्बर 23 की बैठक में दूरभाष पर सूचना देने के उपरांत कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने के आरोप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने 06 अधिकारियों यथा एसएसएसईडी नगर पालिका हटा यशस्विनी गजोरिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर जनपद पंचायत पथरिया महेश कुमार सेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर जनपद पंचायत दमोह आलोक तिवारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर जनपद पंचायत जबेरा अभिषेक उपाध्याय, कम्प्यूटर प्रोग्रामर परियोजना संचालक आत्मा दमोह हर्षिता श्रीवास्तव एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर पीएमजीएसवाई-पीआईयू-1 दीपक कुमार सेन को कारण बताओ नोटिस जारी किये है। जारी आदेश में कहा गया है कारण बतायें कि संबंधितों की अनुपस्थिति की दशा में सौंपे गये दायित्वों के संबंध में समीक्षा नहीं हो सकी। यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचारण नियम 1965 एवं लोक प्रतिनिधित्व नियम 1950 का स्पष्ट उल्लंघन होकर अपने कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता को प्रकट करता है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। अतः कारण बतायें कि इस प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण क्यों न संबंधित के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील)-1966 के तहत दंडित किये जाने हेतु कार्यवाही प्रस्तावित की जाये। तत्संबंध में अपना उत्तर नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाये। समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने की दशा में संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

# रामानुजाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय स्थापित होगा रीवा में

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विंध्य क्षेत्र से आये आचार्यगणों को किया संबोधित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रीवा में रामानुजाचार्य



संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। साथ ही संस्कृत विद्यालयों में कर्मकाण्ड की शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी की जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान विंध्य क्षेत्र से आये आचार्यगणों को निवास कार्यालय में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जनसम्पर्क मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, जगदगुरू वैदेही वल्लभ देवाचार्य, मानस पीठाधीश्वर जगदगुरू रामललाचार्य जी तथा विनय शंकर ब्रह्मचारी जी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रो. देवेंद्र प्रसाद मिश्र की पुस्तक यजुर्वेद में वैश्विक चिंतन तथा नंदकुमार चरित महाकाव्य का विमोचन भी किया।

**संस्कृत व संस्कृति का सम्मान हमारा कर्तव्य है -** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से ही संतों का साथ मिलता है। आज मुख्यमंत्री निवास पधारे आचार्यगण के सानिध्य से मन आनंद से भरा है। राज्य शासन विकास और जनकल्याण के कार्य तो करता ही है पर इसके साथ ही प्रदेशवासियों का जीवन सही दिशा में चले इसकी चिंता करना भी सरकार का दायित्व है। इस दायित्व निर्वहन में आचार्यगण महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। प्रदेश



में महाकाल महालोक का निर्माण, आदि गुरू शंकराचार्य की प्रतिमा की स्थापना से प्रदेश में अद्भुत अलौकिक वातावरण निर्मित हुआ है। वसुधैव कुटुम्बकम और सभी प्राणियों में सद्भाव के विस्तार के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संस्कृत व संस्कृति का सम्मान तथा उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य है।

**विंध्य क्षेत्र ने संस्कृत को संरक्षण और प्रोत्साहन प्रदान किया -** जनसम्पर्क मंत्री श्री शुक्ल जनसम्पर्क मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जब संस्कृत, संक्रमण के दौर से गुजर रही थी तब विंध्य क्षेत्र ने संस्कृत को संरक्षण और प्रोत्साहन प्रदान किया। रीवा में संस्कृत परिषद के लोग क्षेत्र में संस्कृत पर केंद्रित संस्थान स्थापित करने के लिए लगातार सक्रिय रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान की पहल पर संस्कृत के संरक्षण के हुए कार्य अद्भुत हैं। विंध्य क्षेत्र में संस्कृत को समर्पित विश्वविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। कार्यक्रम में डॉ. अंजनी प्रसाद पाण्डेय, पं. रामायण प्रसाद तिवारी, डॉ. रामरंगीले द्विवेदी, डॉ. प्रभाकर शंकर चतुर्वेदी, श्री योगेन्द्र द्विवेदी, डॉ. प्रेमलाल पाण्डेय, डॉ. कृष्णकुमार पाण्डेय, श्री रामबिहारी शर्मा, श्री गणेश प्रसाद द्विवेदी, डॉ. रामगोविन्द द्विवेदी, डॉ. सत्यजीत पाण्डेय, डॉ. नर्मदा प्रसाद शर्मा, डॉ. बाबूलाल त्रिपाठी, डॉ. राजीव लोचन त्रिपाठी, श्री अंजनी शास्त्री, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, श्री माण्डवी शरण त्रिपाठी, श्री कीर्ति कुमार त्रिपाठी, श्री आकाश मिश्रा, डॉ. दीनानाथ श्री सन्तोष कुमार त्रिपाठी, डॉ. नीरज शर्मा, श्री अरूण मिश्रा, श्री कौशलेश मिश्रा, श्री अखिलेश शुक्ला, डॉ. पंकज मिश्रा, श्री विद्यावारिधि तिवारी, श्री अमिताभ मिश्रा, श्री सतीश सिंह, डॉ. धनेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, डॉ. प्रवीण शर्मा, श्री आचार्य गंगाधर, श्री आचार्य विनय त्रिपाठी, श्री राजीवन शुक्ल, आचार्य प्रशान्त शुक्ल तथा श्री सोम कार्तिक तिवारी उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत 29 सितंबर को होने वाले बृहद रक्तदान शिविर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के करहिया परिसर में आज सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जा रहा है आज इस कार्यक्रम में होने वाले बृहद रक्तदान शिविर जो कि जिला प्रशासन तथा सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित होने वाला है उसी के संदर्भ में आज पी. पी. जी. आई के करहिया परिसर में रक्तदान शिविर से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ एस के श्रीवास्तव सेवानिवृत्ति चिकित्सक, डॉ विनोद श्रीवास्तव सेवानिवृत्ति अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग,महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बी एंन त्रिपाठी,शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी,भारती शर्मा समाज सेविका,अशोक श्रीवास्तव रेड क्रॉस सोसायटी रीवा मुख्य रूप से उपस्थित रहे आज के इस जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए अतिथियों ने रक्तदान के लिए प्रेरित किया साथ ही रक्तदान से होने वाले फायदे के बारे मे छात्रों को जानकारी दी। महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक ने कहा कि रक्तदान करके आप किसी का जीवन बचा सकते है, उन्होंने रक्तदान से जीवनदान विषय पर छात्रों से चर्चा की, महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी ने सभी छात्रों से रक्तदान शिविर मे शामिल होने तथा रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान शिविर का आयोजन शहर में स्थित कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में होना है।आज के इस जागरूकता कार्यक्रम मे मुख्य रूप से डॉ राकेश तिवारी, डॉ सविता शुक्ला, गिरीश भाई पटेल, अखिलेश मिश्रा, ज्ञानेंद्र तिवारी, शशि सिंह, कोमल पाण्डेय तथा महाविद्यालय के सभी विभागों के छात्र और छात्राएं उपस्थित रही।

# श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न



**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा, विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा।श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय स्वशासी समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रस्तुत किए गए विभिन्न प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में भोपाल से वर्चुअली उप सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री केके दुबे भी जु?। इस अवसर पर कमिश्नर श्री सुचारी ने कहा कि श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय अंतर्गत आने वाले चिकित्सालयों में चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मरीजों को समय पर दवाई व अन्य चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध हो। साथ ही बैठक में जिन उपकरणों या अन्य प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया है उन्हें समय से प्राप्त कर मरीजों के इलाज में उपयोग में लाया जाए। बैठक में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण इकाई में उपयोग हेतु 30 लाख रुपए के उपकरणों के क्रय की स्वीकृति के साथ ही मेडिसिन विभाग के इंडोस्कोपी यूनिट के लिए सिस्टम के क्रय हेतु 32 लाख रुपए के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया जबकि अस्थि रोग विभाग में आर्थोस्कोपी सेट तथा नेत्र रोग विभाग में एलेस्टी मशीन के क्रय के लिए नियमानुसार परीक्षणोपरांत क्रय किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। संजय गांधी हास्पिटल में गैस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी यूनिट की स्थापना के लिए 24.77 लाख रुपए की स्वीकृति के साथ ही गैस्ट्रोलॉजी डिवीजन के लिए सीओटू पंप व वाटर फ्लसिंग पंप क्रय करने हेतु सात लाख रुपए के प्रस्ताव पर भी अनुमोदन बैठक में किया गया। इस दौरान श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में वीसी रूम के निर्माण के लिए 13.50 लाख रुपए एवं चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हाल के उन्नयन के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय तथा उससे संबद्ध चिकित्सालयों एवं छात्रावासों में सुधार के कार्यों, अन्य आवश्यक वस्तुओं के क्रय किए जाने एवं जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण कराकर प्रस्ताव अनुसार कार्यवाही किए जाने के निर्देश कमिश्नर श्री सुचारी ने दिए। गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के दौरान कमिश्नर अनिल सुचारी ने मेडिकल कालेज के अधिपत्य की जमीन का सीमांकन कराने तथा आयुष्मान योजना के आय-व्यय व वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने वाहनों के ठेका अवधि में वृद्धि के लिए प्रस्ताव के प्रस्तुतीकरण देरी से करने पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे, डीन डॉ मनोज इंदुरकर, संचालक चिकित्सा शिक्षा के प्रतिनिधि डॉ रमाभिलाष दुबे, अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# चुनाव आयुक्त विधेयक टला

चुनाव आयुक्त नियुक्ति विधेयक को आगे टाल कर केन्द्र सरकार ने लोकतान्त्रिक सहनशीलता का परिचय दिया है और साफ कर दिया है कि इस मुद्दे पर सरकार सब पक्षों की राय की कद्र करती है। पहले ऐसा माना जा रहा था कि संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में यह विधेयक पेश किया जायेगा मगर अब सरकार ने इसे आगे के लिए मुल्तवी कर दिया है। इसकी एक वजह यह भी मानी जा रही है कि देश के अधिसंख्य अवकाश प्राप्त मुख्य चुनाव आयुक्तों ने सरकार को पत्र लिख कर कहा था कि चुनाव आयुक्तों का पद स्तर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों से नीचे न किया जाये। विधेयक में चुनाव आयुक्त का स्तर कैबिनेट सचिव के बराबर करने का प्रस्ताव था जो कि केन्द्र सरकार की नौकरशाही का सर्वोच्च अधिकारी होता है। चूंकि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था होती है और सीधे संविधान से ताकत लेकर अपना कामकाज करती है अतः इसके आयुक्तों का स्तर कार्यपालिका के सर्वोच्च अधिकारी के बराबर करना भी इसका स्तर नीचे करना माना जाता। चुनाव आयोग के पास अर्ध न्यायिक अधिकार भी होते हैं जो कि इसे संविधान देता है अतः इसे सरकार का अंग भी नहीं माना जाता है। भारत के प्रशासनिक ढांचे में न्यायपालिका और चुनाव आयोग सरकार के अंग नहीं बनाये गये हैं और ये स्वतन्त्र व स्वायत्तशासी हैं और इनका कार्य भी राजनीति से परे 'अराजनैतिक' होता है अतः चुनाव आयोग का रुतबा भी हमारे संविधान के ढांचे में कार्यपालिका, न्यायपालिका व विधायिका के समकक्ष ही रखा गया है। हालांकि चुनाव आयोग के पास देश की राजनैतिक व्यवस्था अर्थात राजनैतिक दलों को अनुशासित रखना और इन्हें संविधान के प्रति जवाबदेह बनाये रखने की जिम्मेदारी होती है परन्तु यह कार्य वह पूरी तरह अराजनैतिक बने रह कर एक न्यायिक संस्था के रूप में ही करता है। भारत में एक गलतफहमी अक्सर पाई जाती है कि हम चौखम्भा राज को न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका व स्वतन्त्र प्रेस को मानते हैं जबकि संविधान निर्माता डा. भीम राव अम्बेडकर ने देश को संविधान सौंपते हुए कहा था कि भारत के लोकतन्त्र के चार खम्भे न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका व चुनाव आयोग होंगे। इनमें चुनाव आयोग का कार्य लोकतन्त्र की आधारभूत जमीन तैयार करना होगा जिस पर बाकी तीन खम्भे खड़े होंगे। यदि हम गौर से देखें तो यह चुनाव आयोग ही है जो निष्पक्ष व स्वतन्त्र और निर्भयता के माहौल में चुनाव कराने की जिम्मेदारी निभाता है और देश को विधायिका सौपता है जिसके पास कानून बनाने से लेकर उनमें संशोधन करने का अधिकार होता है और कार्यपालिका के नेतृत्व में राष्ट्र व इसके लोगों के विकास की परियोजनाओं को सिरे चढ़ाता है। न्यायपालिका देश का शासन संविधान के तहत चले इसकी गारंटी करती है। मगर 1967 तक देश में चुनावों को लेकर कभी किसी प्रकार का विवाद पैदा नहीं हुआ अतः पचास के दशक के अंत से साठ के दशक तक समाजवादी नेता डा. राम मनोहर लोहिया ने चौखम्भा राज की परिभाषा में चुनाव आयोग की जगह स्वतन्त्र प्रेस को डाल दिया और इसे लोकतन्त्र के पहरेदार की भूमिका बख्शते हुए चौथा खम्भा बता दिया परन्तु चौखम्भा राज की यह लोकोक्त परिभाषा थी जबकि शास्त्रोक्त परिभाषा में चुनाव आयोग ही था। अतः चुनाव आयोग की भूमिका को कम करके देखने का कभी सवाल ही पैदा ही नहीं हुआ। संभवतः केन्द्र सरकार ने इन्हीं सब तथ्यों को देखते हुए विधेयक को आगे के लिए टाल दिया है। संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्त समेत चुनाव आयुक्तों को नियुक्त करने का तो अधिकार राष्ट्रपति को दिया गया है मगर उन्हें पद से हटाने का अधिकार केवल संसद के पास ही अभियोग चला कर है। राष्ट्रपति यह नियुक्ति केन्द्र सरकार की सिफारिश के आधार पर करते हैं और सरकार किसी भी वरिष्ठ सचिव स्तर के उच्चाधिकारी की नियुक्ति की अनुशंसा कर सकती थी। इसके लिए कोई प्राधिकृत नियमावली नहीं थी। अतः आजादी के बाद से ही ऊंचे पद पर आसीन अधिकारी को इस पद पर बैठाने की परंपरा डाली गई। पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ऐसे जरूर थे जिन्हें न्यायिक पदों पर रहने का भी अनुभव था। चूंकि चुनाव आयोग सरकार का हिस्सा नहीं है अतः सर्वोच्च न्यायालय ने इस पद पर नियुक्ति करने के लिए एक उच्च चयन समिति का गठन करने का फैसला किया। इस चयन समिति में प्रधानमन्त्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता व मुख्य न्यायाधीश को सदस्य बनाया गया। विधेयक में मुख्य न्यायाधीश के स्थान पर किसी केन्द्रीय मन्त्री को सदस्य बनाने का प्रावधान था। इसे लेकर विपक्ष ने हो–हल्ला भी किया। मगर ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार ने इसे आगे टाल कर किसी नये विवाद को भी टालने का प्रयास किया है और संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक लाकर उल्टे विपक्ष को ही उलझा दिया है। यह विधेयक पारित करना विपक्ष की भी राजनैतिक मजबूरी होगी क्योंकि चुनावी राजनीति में वह इसका विरोध करके खलनायक नहीं बन सकता।

# बेतुकी दलीलें

**राहुल**

*"कनाडा सरकार को बिना किसी आरोप पत्र और मुकदमे के यह निष्कर्ष निकालने में कोई समय नहीं लगा कि ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी समर्थक चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों का हाथ हो सकता है।"*

एक अपरिपक्व राजनेता और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के हालिया विवादित बयानों से सहमति का कोई आधार नजर नहीं आता। बल्कि ऐसा लगता है कि भारत विरोधी ताकतों के हाथ में खेलते हुए वे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की गरिमा बनाये रखने के लिये जरूरी विवेक खो बैठे हैं। कनाडा सरकार को बिना किसी आरोप पत्र और मुकदमे के यह निष्कर्ष निकालने में कोई समय नहीं लगा कि ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी समर्थक चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों का हाथ हो सकता है। कनाडाई संसद को संबोधित करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनकी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय रूप से मामले में आरोपों की पड़ताल कर रही हैं। यहां तक कि बेतुकी दलील दी कि कनाडाई धरती पर उसके नागरिक की हत्या में किसी विदेशी सरकार की संलिप्तता हमारी संप्रभुता का अस्वीकार्य उल्लंघन है। वहीं ट्रूडो के बयान के ठीक बाद कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने घोषणा की कि एक शीर्ष भारतीय राजनयिक को कनाडा से निष्कासित कर दिया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है



कि कनाडा ने ऐसी तत्परता तब भी नहीं दिखायी जब विमानन इतिहास के बड़े आतंकी हमले का शिकार हुए भारतीय एअर इंडिया विमान में 329 लोग मारे गये थे। जिसमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई लोग थे। तब भी बम विस्फोट के तीन महीने के भीतर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई या जांच के लिये हाउस ऑफ कॉमन्स में घोषणा करने में कोई तत्परता नहीं दिखाई गई थी, जैसे निज्जर प्रकरण में तीन माह में दिखायी गई। दरअसल, न तो कनाडा उस हमले को रोक सका वहीं उसने जांच में लीपापोती की थी। उस मामले में केवल एक व्यक्ति को दोषी ठहराया गया, वह भी झूठी गवाही के आधार पर। बल्कि एक निंदनीय रिपोर्ट में जस्टिस जॉन मेजर कमीशन ने उड़ान से पहले की त्रुटि, असावधानी व प्रबंधन अक्षमता जैसी बेबुनियाद दलीलें दी थीं। बहरहाल, यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जायेगा कि कनिष्क विमान हादसे में मरे सैकड़ों लोगों को न्याय से वंचित करने वाली कनाडाई सरकार अब संदिग्ध व्यक्ति की हत्या से परेशान है। वह व्यक्ति जिस पर भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयासों का आरोप लगाया था। इसके बावजूद भी कनाडा सरकार के पास भारतीय एजेंटों द्वारा हत्या के अकाट्य सबूत हैं, तो कनाडा सरकार को भारत सरकार से इन प्रमाणों को साझा करना चाहिए। यह निर्विवाद तथ्य है कि बिना जांच–पड़ताल के निष्कर्ष पर पहुंचने वाले ट्रूडो भारत के लिये गंभीर चुनौती खड़ी कर रहे हैं। सही मायनों में उनका यह फैसला कटरपंथी समूहों को बढ़ावा देने वाला है। जो भारतीय क्षेत्रीय संप्रभुता को खतरे में डालने के कुत्सित प्रयासों में लगे रहते हैं। कनाडा सरकार की बेतुकी व अतार्किक कार्रवाई के जवाब में नई दिल्ली द्वारा एक कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करना जैसे को तैसे वाला जवाब है। ओटावा को अपने तौर–तरीके सुधारने के लिये बाध्य करने के लिये ऐसी राजनयिक दृढ़ता जरूरी है। बहरहाल, मौजूदा हालात में यह नहीं लगता कि दोनों देशों के संबंध जल्दी ही पटरी पर लौटेंगे। दरअसल, कनाडा के प्रधानमंत्री की अल्पमत सरकार को उन तत्वों का समर्थन है, जो भारत विरोधी अलगाववादियों की पीठ पर हाथ रखते हैं। ट्रूडो अपनी सरकार सुरक्षित रखने के लिये इन भारत विरोधी तत्वों के हाथ की कठपुतली बनते जा रहे हैं। दरअसल, जी–20 सम्मेलन के दौरान भी ट्रूडो का गैरजिम्मेदार रवैया सामने आया। तभी लगा था कि वे खालिस्तान समर्थक तत्वों की हरकतों को गंभीरता से नहीं लेते। लेकिन वे कनाडा पहुंचकर ऐसा कदम उठाएंगे, ऐसी उम्मीद किसी को नहीं थी। दरअसल, अलगाववादियों की आवाज उन्हें अपने नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी नजर आती है। इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि भारत की संप्रभुता और एकता–अखंडता के गंभीर मुद्दे की तुलना वे अपनी राजनीतिक मजबूरियों के मामले से कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें अतंर्राष्ट्रीय संबंधों की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए।

# शिवराज का शिव मॉडल

**आदित्य नारायण**

मध्य प्रदेश की शिवराज चौहान सरकार ने राज्य के धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों के विकास पर काफी फोकस किया, इससे धाधर्मिक स्थलों की तस्वीर बहुत ही आकर्षक बन गई है बल्कि धार्मिक स्थलों वाले शहरों में विकास का लाभ भी लोगों तक पहुंच रहा है। ओरछा में राम राजा लोक के नाम से राम राजा सरकार का मंदिर विकसित किया जा रहा है। नर्मदा परिक्रमा के लिए नर्मदा पथ के निर्माण की योजना चल रही है। ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर के विकास के दूसरे चरण का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अलावा सलकनपुर में महादेव लोक के निर्माण के बड़े प्लान पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने नर्मदा सेवा यात्रा के दौरान 2017 में ओंकारेश्वर में तीन संकल्प लिए थे। इनमें से एक संकल्प था मंधाता पर्वत पर 108 फीट ऊंची आदिशंकराचार्य की मूर्ति (एकात्मता की प्रतिमा) काध् निर्माण करवाना था। अब यह प्रतिमा बनकर तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 सितम्बर को इसका अनावरण करेंगे। वास्तव में उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को जबर्दस्त रिस्पांस ध्मिला था। इसी तर्ज पर शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर को





भव्यता प्रदान की। मध्य प्रदेश में महाकाल कॉरिडोर की भव्यता काशी विश्वनाथ में हुए विकास और निर्माण कार्य से ज्यादा क्षेत्र में विस्तारित है। इसलिए शिवराज सरकार ने शिव मॉडल अपनाया और इस मॉडल को मध्य प्रदेश की जनता पसंद कर रही है। ओंकारेश्वर में 2100 करोड़ रुपए की लागत से एकात्म धाम बनकर तैयार हो चुका है। धाम निर्माण का यह पहला फेस है। आदिशंकराचार्य की ज्ञान स्थली ओंकारेश्वर की धरा पर आदिशंकराचार्य की प्रतिमा के अनावरण के बाद लोग एकात्म धाम के दर्शन कर पाएंगे। ओंकारेश्वर में नर्मदा किनारे देश का चौथा ज्योतिर्लिंग मौजूद है। साथ ही यह जगह शंकराचार्य की दीक्षा स्थली भी है, यहां पर वे अपने गुरु गोविंद भगवत्पाद से भी मिले और 4 वर्षों तक उन्होंने यहां विद्या का अध्ययन किया। 12 वर्ष की आयु में शंकराचार्य ने ओंकारेश्वर से ही अखंड भारत में वेदांत के लोक व्यापीकरण के लिए प्रस्थान किया। यहीं वजह है कि आज ओंकारेश्वर में मंधाता पर्वत पर 12 वर्ष के आचार्य शंकर की प्रतिमा की स्थापना की गई है। ओंकारेश्वर में मौजूद यह प्रतिमा दुनिया में शंकराचार्य की यह सबसे ऊंची प्रतिमा है। ओंकार पर्वत पर अद्वैत वेदांत पीठ 28 एकड़ में फैला हुआ है। आदिशंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा को "स्टेच्यू ऑफ वननेस" नाम दिया गया है। महज 8 वर्ष की उम्र में अपने गुरु को खोजते हुए आदिशंकराचार्य केरल से ओंकारेश्वर आए थे। यहां उन्होंने गुरु गोविंद भगवत्पाद से दीक्षा ली। इसके बाद शंकराचार्य ने पूरे भारतवर्ष में भ्रमण कर सनातन धर्म की चेतना लोगों के मन में जगाने का काम किया। सनातन धर्म के प्रचार–प्रसार में आदि गुरु शंकराचार्य का महत्वपूर्ण योगदान है। इसमें अनेक सिद्धस्थ व समर्पित कारीगरों की कला का जन–जन प्रत्यक्षदर्शी होगा, साथ ही भारत की मनोरम, समृद्ध व समस्त विश्व के पुरातत्वविदों के लिए प्राचीन काल से अचंभे का विषय रही। भारतीय स्थापत्य कला का अद्वैत लोक के द्वारा लोग अनुभव कर पाएंगे। यदि एकात्म धाम के स्थापत्य शैली की बात की जाए तो इसकी निर्मिती शैली विविध क्षेत्रों के स्थापत्य कलाओं की पुराताध्विक शैली से प्रेरित रहेगी। अद्वैत दर्शन को नव युवा शक्ति जो जिज्ञासु, ज्ञान पिपासु व एकात्मता के संदेश को समस्त विश्व तक पहुंचाने हेतु कटिबद्ध है, ऐसे शोधार्थियों–विद्यार्थियों के लिए चार शोध केंद्र भी स्थापित किए जाने की कल्पना भी जल्द ही साकार रूप लेना प्रारंभ करेगी। यह शोध केंद्र आदि गुरु शंकराचार्य जी के चार शिष्यों के नाम पर आधारित होंगे। अद्वैत वेदान्त आचार्य शंकर अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान के प्रांगण के अंतर्गत यह चार शोध केंद्र स्थित रहेंगे जिनके नाम हैं दृ अद्वैत वेदान्त आचार्य पद्मपाद केंद्र, आचार्य हस्तमलक अद्वैत विज्ञान केंद्र, आचार्य सुरेश्वर सामाजिक विज्ञान अद्वैत केंद्र, आचार्य तोटक साहित्य अद्वैत केंद्र। इसकी स्थापत्य शिल्प कला में नागर, द्रविड़, उडिया, मारू गुर्जर, होयसला, उत्तर भारतीय–हिमालयीन और केरल मंदिर स्थापत्य सहित अनेक पारंपरिक वास्तुकला शैलियों की शृंखला स्थानीय सम्मिलित होंगे। अद्वैत वेदान्त आचार्य पद्मपाद केंद्र भारत के पूर्वी क्षेत्र की संरचनात्मक शैली से प्रेरित होगा वहीं पुरी के जगन्नाथ मंदिर की संरचना से आचार्य सुरेश्वर सामाजिक विज्ञान अद्वैत केंद्र की वास्तुकला द्रविड़ शैली से प्रेरित रहेगी, श्री श्रृंगेरी शारदापीठम और आसपास के मंदिरों से वास्तुकला सामीप्य रखने वाला गुजरात में स्थित द्वारका मंदिर, आचार्य हस्तमलक अद्वैत विज्ञान केंद्र की संरचना का मूल रहेगा। गुजरात के द्वारका मंदिर से प्रेरित आचार्य हस्तामलक अद्वैत विज्ञान केंद्र चालुक्य वंश में पनपी मारू–गुर्जर शैली को प्रदर्शित करता है। जगतगुरु शंकराचार्य जी द्वारा चार दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर न केवल चार मठों में वेदान्त शालाएं प्रारंभ की अपितु उन चार दिशाओं की संस्कृति व कला में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर सांस्कृतिक व कलात्मक एकीकरण की धरोहर आज के ज्ञान पिपासुओं हेतु देकर गए। शिवराज सरकार ने पूरे राज्य के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की प्रतिष्ठा बहाल की है, इसका लाभ जनता को ही मिलेगा। शहरों का विकास होने से पर्यटन बढ़ता है और उससे लोगों की आय भी बढ़ती है।




मेष :– प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

वृष :– किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन :– नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्क :– काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंह :– नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

कन्या :– कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

तुला :– भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में न जियें।

वृश्चिक :– किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें। आलस्य त्यागें।

धनु :– संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकर :– कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख–सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त–मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

कुंभ :– अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

# महिला सम्मान पर बेनकाब हुई भाजपा

**सुरेश सिंह**

*"बेशक, ये बयान दुर्भाग्यजनक थे परन्तु उनका उल्लेख कर भाजपा के सदस्य यह साबित करने पर तुले थे कि प्रतिपक्ष विरोध करने के लिये विरोध कर रहा है जबकि वह वैसी संजीदा नहीं हैं जैसी भाजपा है, पर यह दांव चला नहीं।"*

लोकसभा में लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद तो धूमिल पड़ ही गई है, उलटे लोकसभा में इस पर बुधवार को हुई प्रदीर्घ चर्चा ने उसके महिला सम्मान की कलई को खोलकर रख दिया है। मंगलवार को नये संसद भवन में जाने के बाद शाम को यह विधेयक पेश किया गया जिसके अनुसार यह 2026 में लागू होगा और इसका आधार भावी परिसीमन होगा। यानी इसका वास्तविक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों में ही मिलेगा। वह भी केवल 15 वर्षों के लिए। इसे तीन साल बाद अमल में लाने का कारण 2021 में जनगणना का न होना है। भारत सरकार ने कोविड–19 के कारण जनगणना नहीं की थी। इसका मतलब जब जनगणना होगी, उसमें प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण होगा। जो भी हो, जिस प्रकार से बुधवार को इस प्रकार चर्चा हुई, उसने भाजपा सरकार को और भी ज्यादा परेशानी में डाल दिया है।

आम चर्चा यही थी कि अगले वर्ष के आम चुनाव में महिला वोटरों को अपने पाले में लेने के लिये यह बिल लाया गया है, परन्तु ऐसा होता दिख नहीं रहा है क्योंकि भाजपा इसे भुनाने में शायद ही सफल हो। सत्ता पक्ष के मंत्रियों एवं अनेक सदस्यों ने स्वाभाविकतरू इसे लाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया लेकिन ज्यों–ज्यों विपक्षी नेताओं को बोलने के अवसर मिलते गये, यह साफ होता गया कि इसे एचडी देवेगौड़ा की सरकार ने पेश किया था लेकिन 2010 में इसे राज्यसभा में कांग्रेस के शासनकाल में पारित किया गया। लोकसभा में यह समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय जनता दल के विरोध के कारण पास न हो सका– इस ऐतिहासिक तथ्य से सारे परिचित हैं लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए निशिकांत दुबे ने इस मतभेद को भुनाने का प्रयास किया। साथ ही, इसका श्रेय पहले तो गीता मुखर्जी एवं सुषमा स्वराज को दिया लेकिन अंत में सिर्फ मोदी को इसका श्रेय दिया। दुबे ने अनेक उन अप्रिय घटनाओं का जिक्र किया जो इस विधेयक के पिछली बार लाये जाने (2010 में) के दौरान हुई थीं, जिसका उद्देश्य दलगत विरोध को आगे ही बढ़ाना था। वे ऐसी बातें थीं जो तत्कालीन परिस्थितियों में हुई थीं जो आज शायद ही प्रासंगिक रह गई हैं। इसमें कुछ नेताओं द्वारा बिल के विरोध में यह कहना कि इससे परकटी महिलाएं ही आयेंगी, भी शामिल है। बेशक, ये बयान दुर्भाग्यजनक थे परन्तु उनका उल्लेख कर भाजपा के सदस्य यह साबित करने पर तुले थे कि प्रतिपक्ष विरोध करने के लिये विरोध कर रहा है जबकि वह वैसी संजीदा नहीं हैं जैसी भाजपा है, पर यह दांव चला नहीं। सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों की ओर से इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा की बड़ी पहल साबित करने की कोशिश की गई परन्तु कई विपक्षी महिला सांसदों ने उनके ऐसे दावों की धज्जियां उड़ा दीं। पहले तो सोनिया गांधी ने बतलाया कि यह बिल उनके दिवंगत पति व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना है जिन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी आरक्षण के जरिये सुनिश्चित की थी। उन्होंने इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की तथा उसका लाभ चुनाव–2024 में ही देने की वकालत की। तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधेयक लाकर नारी सम्मान का दिखावा सरकार न करे। उन्होंने याद दिलाया कि संसद भवन से कुछ दूरी पर बने जंतर–मंतर पर यौन शोषण का शिकार हुई महिला पहलवानों की कोई सुनवाई सरकार द्वारा नहीं की गई। जिस व्यक्ति बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप हैं उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और वह अब भी इसी सदन का सदस्य है। जिस तरह से उन्हें पुलिस द्वारा घसीटा गया व उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ, वह भी उन्होंने याद दिलाया। उन्होंने मणिपुर की घटना का भी जिक्र किया और उन्नाव, हाथरस आदि की उन वारदातों का स्मरण कराया जिनमें महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने ध्यान में लाया कि पूरे भारत में इस वक्त केवल पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हैं जबकि भाजपा के 16 राज्यों में सीएम हैं जिनमें एक भी महिला नहीं है। द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी ने पेरियार को उद्धृत करते हुए लैंगिक समानता की बात की। उन्होंने बताया कि गीता मुखर्जी, सुषमा स्वराज के साथ साम्यवादी नेता वृंदा करात का भी इस विधेयक को लाने में योगदान था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बड़ी ऊंचाई पर बैठने की चाहत नहीं बल्कि समानता का हक चाहिये। जब उन्होंने कहा कि अनेक महिला राजनीतिज्ञ हैं जो काफी ताकतवर हैं, तो सत्ता पक्ष की ओर से एक सांसद ने जयललिता (डीएमके की राजनैतिक विरोधी) का नाम लिया। इस पर कनिमोझी ने स्वीकार करते हुए कई नाम गिना डाले जो विपक्ष की हैं।

इनमें उन्होंने मायावती, सोनिया गांधी, ममता बैनर्जी के नाम तो लिये ही, सुषमा स्वराज का भी नाम लेकर भाजपायी

# गुढ़ जन आक्रोश यात्रा की गूँज रीवा से भोपाल तक

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)

रीवा। जन आक्रोश यात्रा का आगाज भारतीय जनता पार्टी के कुशासन और भ्रष्टाचार को लेकर हुआ, और द्वारा शुरू की गई जन आक्रोश यात्रा की तो यहां अपने आप प्रदेश का एक-एक व्यक्ति इस बार कांग्रेस की मशाल पूरे प्रदेश में जलाने को लेकर उत्साहित नजर आ रहा है, जिसका जीता जागता उदाहरण जन आक्रोश प्रतिमा में संजय कपूर व अजय सिंह राहुल द्वारा माल्यार्पण किया गया, इसके बाद यात्रा आगे बड़ी। सिरमौर चौराहे से जन आक्रोश यात्रा के रथ में यात्रा के प्रभारी पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पहुंची जहां नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। यात्रा का अगला पड़ाव गुढ़ मे, जंहा कुंवर कपिध्वज सिंह राजेन्द्र मिश्रा, एवं बृजभूषण शुक्ल के नेतृत्व में जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत-सत्कार, अगले





**कुंवर कपिध्वज सिंह के नेतृत्व में उमड़ा जन सैलाब, भाजपा से नाराज क्षेत्र की जनता ने ज़न आक्रोश यात्रा में दिखाई अपनी ताकत, रायपुर व गुढ़ मंडलम में देखने को मिला खासा उत्साह, संजय कपूर व अजय सिंह राहुल दिखे गदगद, कांग्रेस पार्टी की जन आक्रोश यात्रा में भीड़ देख विरोधियों के उड़े होश**

पड़ाव में यात्रा गुड़ विधानसभा क्षेत्र के चौड़ीयार होते हुए महसांव के रास्ते भीटी पहुंची जंहा आम जनों से मेल मुलाकात करते हुए विशाल जन समूह के साथ यह यात्रा गुढ स्थित कष्टहर नाथ मंदिर पहुंची इस दौरान कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं के साथ गुड़ विधानसभा क्षेत्र के जन प्रिय नेता कुंवर कपिध्वज सिंह (भैया साहब), बृज भूषण शुक्ल, राजेन्द्र मिश्रा, ने भी भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन करते हुए दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया, तत्पश्चात वहां से यह यात्रा गुढ़ में आयोजित जनसभा स्थल पर पहुंची, इस दौरान जगह जगह आम जनमानस का उत्साह देखते ही बन रहा था, विभिन्न जगहों पर जहां यात्रा का स्वागत सत्कार किया गया वही नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित हुई।

यह जन आक्रोश महज चुनावी दिखावे और शोर गुल तक सीमित नहीं है बल्कि म.प्र. का एक एक व्यक्ति आक्रोशित है, उसी आक्रोश का ज्वाला इस जन आक्रोश मे देखने को मिल रहा है, एक और जहां प्रदेश में 18 वर्षों से सत्तासीन भाजपा सरकार पूरी मशीनरी का दुरुपयोग करके जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है, जो कि समापन की ओर है, वहीं इस यात्रा में जहां शासन प्रशासन व अधिकारियों तथा कर्मचारियों से जोर जबरदस्ती भीड़ इकट्ठी कराई जा रही है, इसके बाद भी देखा जाये तो लोगों में जरा भी उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। दूसरी तरफ बात करें कांग्रेस पार्टी यात्रा में देखने को भी मिल रहा है।

19, सितंबर से पूरे प्रदेश के साथ रीवा महामृत्युंजय मंदिर परिसर से 1400 किलोमीटर की यात्रा का भव्य आगाज हुआ, इस यात्रा की अगुवाई पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी संजय कपूर द्वारा पूजा अर्चना के साथ की गई, यात्रा रीवा जिले के कई विधानसभा क्षेत्रों में पहुंची जहां लोगों का उत्साह देखते बना। यात्रा के चौथे दिन कांग्रेस पार्टी की जन आक्रोश यात्रा रीवा शहर के सिरमौर चौराहे से शुरू हुई, जहाँ सबसे पहले राजीव गांधी जी की एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी संजय कपूर, यात्रा प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, रामगरीब वनवासी, रमाशंकर सिंह पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेंद्र शर्मा, रीवा नगर निगम महापौर अजय मिश्रा बाबा, पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, सहित कुंवर कपिध्वज सिंह रथ में मौजूद रहें। यात्रा का पूरे शहर भर मे जगह जगह स्वागत सत्कार हुआ तत्पश्चात चिरहुला मंदिर पहुंचकर अजय सिंह राहुल ने कांग्रेस के साथियों के साथ पूजा अर्चना की। चिरहुला से निकलकर जन आक्रोश यात्रा रीवा विधानसभा के लोही गांव

## देश भक्ति एवं जन सुरक्षा, जांबाज ऑफिसर थाना गुढ़ के थाना प्रभारी विकास कपीश की दबंग कार्य शैली से माफियाओं में दहशत और अपराधियों पर अंकुश बारदातो पर लगा विराम क्षेत्र में जन सुरक्षा

### रीवा जिला में थाना गुढ़ के थाना प्रभारी विकास कपीश द्वारा जनता व पुलिस के बीच हो रहा सीधा संवाद

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा



रीवा। मध्य प्रदेश में जांबाज पुलिस ऑफिसर व सैनिक अपनी जान जोखिम में डालकर जनता को खतरे से आगाज कराके सुरक्षा में तत्पर होकर कार्य कर रहे है द्य रीवा जिले में थाना गुढ़ के थाना प्रभारी विकास कपीश का अपराधियों पर अंकुश लगता जा रहा है, क्षेत्र में अपराधियों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है, इतना ही नहीं थाने की पुलिस जुआ व अपराधों पर लगाम लगाने में कामयाबी हासिल कर रही है द्य पुलिस अधीक्षक व वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन किया जा रहा है द्य अपनी दबंग और निष्पक्ष छवि के लिए विकास कपीश ने जब से गुढ़ थाने की कमान संभाली है, तब से क्षेत्र में अपराधियों में पुलिस का एक अलग ही डर व्याप्त है, अब अपराधियों माफियाओं में हड़कंप मचा है द्य थाना प्रभारी विकास कपीश द्वारा दिन रात क्षेत्र में पहुंचने से जनता में सुख शांति का माहौल बन गया है। गुढ़ थाना क्षेत्र की जनता को थाना प्रभारी विकास कपीश और यहां अधीनस्थ स्टाफ से तालमेल बनाकर जनता की सुरक्षा कर रहे हैं द्य अपराधी व माफिया भी चिंतित और सदमे में है, क्षेत्र में सुरक्षा व शांति का माहौल है। जिससे पुलिस पर जनता का भरोसा ओर बड़ता हुआ देखने को भी मिल रहा है। जांबाज ऑफिसर थाना प्रभारी विकास कपीश की कार्यशैली से क्षेत्र में सुख और शांति है।

## न्यायालय पिछोर ने एक्सीडेंट करने वाले मोटरसाइकिल चालक पर किया 13,000 रुपये का जुर्माना

राकेश परिहार पिछोर

**पिछोर।** मोटरसाइकिल चालक जय कुमार जाटव निवासी ग्राम नांद ने मोटरसाइकिल चला रहे सुल्तान रजक को गंभीर रूप से घायल किया था। दिनांक



5/9/23को फरियादी सुल्तान रजक निवासी राजपुर थाना रक्सा जिला झांसी ने उपस्थित थाना आकर रिपोर्ट की थी दिनांक 3/9/23 को स्कूल के सामने ग्राम नांद से अपनी मोटरसाइकिल टीवीएस रेडोन नंबर क्93क्ष8961 से जा रहा था तभी सामने से मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल हीरो पैशन प्रो नंबर ख्क्33 ख्क्3787 के चालक ने मोटरसाइकिल को लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से चलाकर टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया ।सुल्तान रजक के सिर में फ्रैक्चर हो गया था। आरोपी मोटरसाइकिल चालक जयकुमार जाटव निवासी ग्राम नांद के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था ।पुलिस थाना पिछोर ने अपराध क्रमांक 503/23 धारा 279,337 इजाफा 338 आईपीसी एवं धारा 3/181 एम व्ही एक्ट में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया उसके विरुद्ध मान्यनीय न्यायालय अमनदीप सिंह छावड़ा जीएमएफसी पिछोर के समक्ष पेश किया जिसमें मान्यनीय न्यायालय अमनदीप सिंह छाबड़ा जेएमएफसी पिछोर ने मोटरसाइकिल चालक जयकुमार जाटव निवासी ग्राम नांद पर 13,000 रुपए का जुर्माना किया व न्यायालय उठने तक की सजा दी। अपराध का निराकरण मात्र 16 दिन के अंदर किया व सजा न्यायालय में कराई । प्रकरण की विवेचना प्रधान आरक्षक संतोष यादव ने की व आरक्षक प्रदीप कौरव द्वारा चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## चुनावी समर मैं दल बदल का सिलसिला जारी

### बीजेपी कांग्रेस दोनों दलों मैं मची होड़ नेताओ की स्थिति तू चल मैं आया

योगेश शर्मा राजोरिया
पुष्पांजलि टुडे

विधानसभा चुनाव 2023 को ध्यान में रखते हुए लगभग एक सप्ताह से राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। भाजपा जहां जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है वहीं कांग्रेस भी जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों को चयन को लेकर होमवर्क कंप्लीट है लेकिन भाजपा एक39की लिस्टजारी हो गई है । कांग्रेस अभी तक अभी तक लिस्ट जारी नही कर सकी है। इन यात्राओं से लोक लुभावन घोषणाओं से आने वाले समय मैं कितना फायदा होगा कहा नहीं जा सकता। चुनावी समर में दलबदल का सिलसिला जारी बीजेपी कांग्रेस दोनों ही दलों में मची होड़ तू चल मैं आया चाचौड़ा विधानसभा वीआईपी सीट रही हे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की प्रभाव बाली सीट से छोटे भाई लक्ष्मण सिंह विधायक हे निरंतर जनता से संपर्क बनाए हुए है पूर्व विधायक ममता मीना को टिकिट नही मिलने से नाराज है ।भोपाल जाकर भाजपा कार्यालय मैं इस्तीफा दिया ।आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। कांग्रेस की लिस्ट









जारी नही होने से कयासों के बाजार गर्म लिस्ट मैं देरी होने से राजनीति मैं रूचि रखने वाले गली मोहल्ले चौराहे मैं बतियाते नजर आ रहे हे। लोधा लोधी समाज के चाचौड़ा विधान सभा मैं लगभग 25हजार बोट हे । हाल ही मैं भूमलाखेड़ी मैं लोधा लोधी समाज की अहम बैठक हुई । इसमें आगामी आने वाले चुनाव मैं समाज की भूमिका के सम्बन्ध विचार किया गया इस बैठक मैं बीस गांव के लोग एकत्रित हुए बैठक मैं सबकी सहमति से चाचौड़ा विधान सभा मैं पेची तेलीगांव,मकसूदनगढ़, तेली गांव, मृगावास आदि स्थानों पर बैठक के बाद निर्णय लिया जायेगा। समाज का कोई प्रत्याशी खड़ा करेगा या राजनेतिक दल का समर्थन करेगा। जो समाज के हित के लिए या सुख दुख मैं साथ रहता हे । समाज के लोगो की माने तो पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बल्लू अर्चना काला पहाड़ का नाम भी सामने आया क्षेत्र मैं कावड़ यात्रा अभी तक की यात्राओं मैं सबसे बडी यात्रा रही हे। भील, गुर्जर ,बंजारा, लोधा हरिजन सभी समाज मैं पेठ होने से ये चुनाव मैं डटते हे। तो काग्रेस के और भाजपा के समीकरण गड़बड़ा सकते है। लोधा भील गुर्जर बंजारा भाजपा के बोट हे। इसे मैं चुनाव मैं चार कैंडिडेट होते हे।निर्दलीय यां अन्य पार्टी से खड़े होते है। तो समीकरण कांग्रेस भाजपा या अन्य किस के सिर पर चाचौड़ा का सेहरा बधेगा कहा नहीं जा सकता । पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी प्रियंका पेची, कांग्रेस से लक्ष्मण सिंह, पूर्व विधायक ममता मीनाआम आदमी पार्टी से लड़ेगी लगभग तय माना जा रहा है और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बल्लू काला पहाड़ की चर्चा जोरों पर है। लेकिन अभी लिस्ट जारी होने के बाद अपने पत्ते खोलेंगे। मतदाता आने वाले चुनाव मैं नए चेहरे को पसन्द करती है या पुराने चेहरे को मौका देती है ये कहना जल्द बाजी होगी।

## नाबालिक बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु शिवपुरी पुलिस की तुरंत कार्यवाही

### पुलिस थाना कोतवाली द्वारा नाबालिग बालक के गुमने की रिपोर्ट के 24 घण्टे के अन्दर किया दस्तयाब

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे





शिवपुरी-थाना कोतवाली पर दिनांक 22.09.23 को फरियादी दुर्ग सिंह धाकड नि0 नवाब साहब रोड चन्द्राकालोनी शिवपुरी ने अपने नावालिग बालक अरुण धाकड उम्र 14 साल की घर से बिना बताये चले जाने व तलाश करने पर कहीं नहीं मिलने पर गुम होने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी । फरियादी की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये तत्काल अपराध क्रमांक 680/23 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया । अपराध की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया जो पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिहं भदौरिया के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एंव नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई विनय यादव द्वारा टीम बनायी जाकर अपहृत बालक की तलास पतारसी की गयी एवं बालक के गुम होने संबंधी सूचना आसपास के जिलो में भेजी गयी । गुमशुदा बालक के घर से निकलने के बाद क्षेत्र में स्थित करीबन 30-40 सीसीटीव्ही कैमरे चैक किये गये एवं बालक के रुट का पता किया गया जो बालक को शिवपुरी रेल्वे स्टेशन पर जाता देखा गया । बालक के संबंध लगातार तलाश की जाकर आज दिनांक 23-09-23 को गुमशुदा बालक को रेल्वे स्टेशन शिवपुरी से दस्तयाब किया गया एवं बालक को उसके परिवारजनो को सुपुर्द किया गया जो अपहृत बालक को देखकर उसके माता पिता व छोटी बहन के चहरे पर मुस्कान लौटी है ओपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत बालक की दस्तयावी की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव, उनि) सुमित शर्मा, उनि) अभिमन्यु सिंह राजावत, उनि) आदित्य राजावत, सउनि पवन शर्मा, प्र0आर0 504 ऊदल गुर्जर आर0 209 भूपेन्द्र यादव, आर0 676 कुलदीप चतुर्वेदी, आर0 महेन्द्र तोमर, आर) देवेन्द्र रावत की विशेष भूमिका रही ।

## कमिश्नर ने गूगल मीट से की ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

### अधूरे आवासों का निर्माण 15 अक्टूबर तक पूरा कराने के कमिश्नर ने दिए निर्देश

रीवा। रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने गूगल मीट के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में चितरंगी, देवसर, सिहावल तथा मझगवां विकासखण्डों में कार्यों की पूर्णता संतोषजनक नहीं है। विशेष प्रयास करके अधूरे आवासों का निर्माण कार्य 15 अक्टूबर तक पूरा कराएं। तीसरी किश्त जारी करने के दो माह बाद भी कई आवासों का निर्माण अधूरा है। इन्हें प्राथमिकता से पूरा कराएं। सभी अमृत सरोवरों का निर्माण भी 15 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। संभाग में 404 अमृत सरोवरों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। ग्रामीण विकास विभाग के अच्छे कार्यों की फिल्म बनाकर उसका प्रचार-प्रसार करें। जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से विकास कार्यों की सफलता की कहानियाँ जारी करें। कमिश्नर ने कहा कि मनरेगा योजना से स्वीकृत 472 गौशालाओं में से 237 का ही निर्माण पूरा हुआ है। शेष गौशालाओं का निर्माण पूरा कराकर उनमें गौवंश रखने की व्यवस्था तथा व्यवस्थित संचालन के लिए पंचायतों को जिम्मेदारी दें। अप्रारंभ गौशालाओं को निरस्त करें। स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छ शौचालय तथा नाडेफ के निर्माण अधूरे हैं। शौचालयों में पानी की उपलब्धता की भी समीक्षा करें। खुले में शौच अब लगभग समाप्त हो गया है। इससे गांव में स्वच्छता बड़ी है। कमिश्नर ने कहा कि संबल योजना के पंजीयन में कई जनपद पंचायतें लापरवाही बरत रही हैं। पंजीयन के आवेदन महीनों लंबित रहने से हितग्राही परेशान हो रहे हैं। पात्र हितग्राहियों का तत्काल पंजीयन करें तथा अपात्र के आवेदन निरस्त करें। किसी भी स्थिति में आवेदन पत्र को लंबित न रखें। आवेदन पत्रों के लंबित रहने के कारण सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें बड़ रही हैं। संबल योजना से अनुग्रह सहायता तथा अंत्येष्टि सहायता का तत्काल वितरण करें। कमिश्नर ने कहा कि अंकुर योजना पंजीकृत व्यक्तियों से रोपित पौधों की तीसरी फोटो भी अपलोड कराएं। लाड़ली बहना आवास योजना तथा गैस कनेक्शन के लिए भी हितग्राहियों का प्राथमिकता से पंजीयन कराएं। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाएं। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर हर पात्र हितग्राही को इनका लाभ दें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्राम पंचायतों की ऑडिट अवश्य कराएं। बैठक में वर्चुअल माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा डॉ सौरभ सोनवणे, सिंगरौली राहुल धोटे, सतना डॉ परीक्षित राव, जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल रहे।

## अम्बाह पीजी कॉलेज में अध्ययन मंडल की बैठक संपन्न

केशब पंडित जी अम्बाह...



अम्बाह... अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय- अम्बाह में कला , विज्ञान एवम वाणिज्य संकायों के अध्ययन मंडल की वार्षिक बैठक 22 सितम्बर 2023 को संपन्न हुई। महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों को सुचारू एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए महाविद्यालय के समस्त विभागों में अलग-अलग अध्ययन मंडलों की बैठक की गई। महाविद्यालय के समस्त विषय के अध्ययन मंडलों में उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्यापन कराने वाले प्राध्यापक प्राचार्य मनोनित सदस्य के रूप में और कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर द्वारा नामित विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। जो समय समय पर महाविद्यालय को एवम विधार्थियो को अपना मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करते रहते हैं। अध्ययन मंडलों में, रसायनशास्त्र विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, भूगोल विभाग, हिंदी विभाग, जीव विज्ञान, गणित स्नातकोत्तर विभाग सहित महाविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों के अध्ययन समूह की बैठक में विभागों द्वारा प्रमाणपत्र कोर्स को शुरू कराने हेतु एवम पूर्व में संचालित प्रमाणपत्र कोर्स के पूर्ण होने की भी चर्चा हुई ।बैठक में बाहर से पधारे हुए प्राध्यापकों ने अंबाह महाविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों को और प्रभावी बनाए जाने के लिए परामर्श दिए तथा महाविद्यालय की शिक्षण व्यवस्था तथा अनुशासन व्यवस्था की भूररि भूरि प्रशंसा की। विभिन्न विश्वविद्यालयों से पधारे हुए प्राध्यापकों ने अंबाह कॉलेज के शैक्षणिक विकास मैं अपना सहयोग देने का भरोसा दिया तथा संस्थान के प्रति भविष्य में सहयोग देते रहने का आश्वासन भी दिया। बैठक के अंत में अध्ययन मंडल के सभी सदस्यों के लिए महाविद्यालय की ओर से भोजन की व्यवस्था की गई तथा बैठक संपन्न होने के पश्चात बाहर से पधारे हुए प्राध्यापकों ने मुरैना जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थलों का भ्रमण भी कराया गया। अध्ययन मंडल की बैठक आरंभ होने से पूर्व विद्या परिषद के समन्वयक डॉ वीके जैन ने सभी प्राध्यापकों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर व्ही मेडेकर ने सभी प्राध्यापकों का आभार व्यक्त किया ।

## पुलिस थाना पिछोर द्वारा कार्यवाही करते हुये 1800 ली. लहान कीमती करीबन 90 हजार रुपये का नष्ट किया गया

राकेश परिहार पिछोर



*पिछोर। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा आगामी चुनावों के चलते समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब बनाने बालों एवं उनके ठिकानों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जा रहा है । जिसके तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मूले एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय व्दारा अवैध शराब माफियाओं पर कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशो के पालन में पुलिस थाना पिछोर पर आज दिनाँक 22/09/23 को मुखबिर सूचना मिली कि मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम जुंगीपुर के जंगल में किसी व्यक्ति द्वारा लहान से अवैध शराब बनाने की तैयारी की जा रही है, मुखबिर की सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी पिछोर द्वारा पुलिस टीम बनाकर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे तो देखा कि दो व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर जंगल में भाग गये, उक्त स्थान पर 09 ड्रम लहान के भरे पाये गये जो उपस्थित फोर्स की मदद से उक्त ड्रमों में भरे लहान करीबन 1800 लीटर कीमती करीबन 90000 /- रुपये को फेंककर नष्ट किया गया । बाद उक्त व्यक्तियों की तलाश जंगल में व आसपास गावों में की जो नहीं मिले न ही उनके बारे में कोई जानकारी मिली । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक शिवसिंह यादव,उनि जूली तोमर ,सउनि जहान सिंह, प्रआर 863 संतोष यादव, प्रसार घनश्याम सिंह, प्रआर दीपचंद,आर. बृजराज सिंह,आर. 590 बचान सिंह तोमर की सराहनीय भूमिका रही ।*

## शंकरलाल चक्रवर्ती पंजाब एफसी में सहायक कोच नियुक्त

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने आगामी आईएसएल सीजन के लिए शंकरलाल चक्रवर्ती को अपना भारतीय सहायक कोच घोषित किया है। चक्रवर्ती आई-लीग 2 टीम एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे थे और अब वह मुख्य कोच स्टाइकोस वेरगेटिस की कोचिंग टीम के साथ जुड़ेंगे।

एएफसी प्रो लाइसेंस धारक, चक्रवर्ती ने अपने प्रबंधकीय करियर की शुरुआत भारतीय फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) अकादमी से की। वह मोहन बागान में उनके सहायक कोच के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सुभाष भौमिक और संजय सेन के अधीन काम किया। उन्हें 2017-2018 आई-लीग सीज़न के लिए मोहन बागान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। 2022-2023 सीजन के लिए आई-लीग टीम सुदेवा दिल्ली एफसी में शामिल होने से पहले उन्होंने भवानीपुर और मोहम्मडन एससी के मुख्य कोच के रूप में काम किया है। इस सीज़न के लिए पंजाब एफसी में शामिल होने से पहले वह आई-लीग 2 टीम, एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड के साथ थे। एक खिलाड़ी के रूप में, उन्होंने टाटा फुटबॉल अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में मोहन बागान में शामिल हो गए। उन्होंने सेवानिवृत्त होने से पहले छह सीज़न तक पूर्वी बंगाल का प्रतिनिधित्व किया। पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा कि क्लब में कोचिंग स्टाफ के लिए शंकरलाल उपयोगी साबित होंगे। अपने समृद्ध और विशाल फुटबॉल अनुभव के साथ, उनके पास खिलाड़ियों के साथ साझा करने के लिए बहुत कुछ है। हम मिलकर क्लब को उसके निर्धारित लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद की उम्मीद कर सकते हैं।

## स्पैनिश शतरंज लीग : प्रज्ञानन्दा नें खेला दूसरा ड्रॉ

**लिनारेस।** भारत के नंबर 3 शतरंज खिलाड़ी ग्रांड मास्टर प्रज्ञानन्दा नें स्पैनिश शतरंज लीग में पहले दो राउंड में अपनी टीम सीए सोलवाय से खेलते हुए अपने दोनों मुक़ाबले जीतने के बाद लगातार दो मुक़ाबले ड्रॉ खेले है । प्रज्ञानन्दा नें तीसरे राउंड में रूस के अलेकसींकों किरिल और फ्रांस के एटीने बकरोट के साथ



अपनी बाजी ड्रॉ खेली है , इन दो ड्रॉ के बाद उन्हे रेटिंग में मामूली 2 अंको का नुकसान जरूर हुआ पर वह 2734 अंको के साथ अभी भी विश्व के 16वें नंबर के खिलाड़ी बने हुए है । 29 सितंबर से एशियन गेम्स मे प्रज्ञानन्दा टीम चैंपियनशिप में भारत की टीम से खेलते हुए नजर आएंगे ।

## सुभाष शर्मा डोली BSPमें हुए शामिल



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

चित्रकूट विधानसभा से भाजपा से इस्तीफा देकर बसपा में शामिल हुए सुभाष शर्मा डोली आज बिरसिंहपुर के पैलेस में ली सदस्यतासैकड़ो गाड़ियों के काफिले एवं करीबन पॉच हजार से ज्यादा समर्थकों के साथ गैवीनाथ धाम बिरसिंहपुर में BSP के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी के हाथो ली गई सदस्यता,, इस मौके पर बीएसपी के कार्यकर्ता एवं डोली भैया के समर्थक भारी संख्या में उपस्थित रहे।।

## एशियाई खेल : भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने जीत के साथ की शुरुआत, यमन को 3-0 से हराया



**हांगझू।** साथियान ज्ञानसेकरन, अचंता शरथ कमल और हरमीत देसाई की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने यमन को 3-0 से हराकर अपने एशियाई खेलों के अभियान की जोरदार शुरुआत की। जीएसपी जिम्नेजियम टेबल 7 पर खेलते हुए, भारत ने अपने अभियान के शुरुआती मैच में यमन को ध्वस्त कर दिया। साथियान ने मुकाबले के पहले मैच में यमन के अली उमर अहमद को केवल 13 मिनट में 11-3,11-2,11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।

मुकाबले के दूसरे मैच में शरथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यमन के इब्राहिम अब्दुलहकीम मोहम्मद गुब्रान को केवल 17 मिनट में 11-3, 11-4, 11-6 से हराया और भारत की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद तीसरे मुकाबले में हरमीत देसाई ने मगद अहमद अली अल्धुभानी को केवल 6 मिनट में ही 11-1, 11-1, 11-7 से हराकर भारत को 3-0 से जीत दिला दी। आज बाद में भारतीय महिला टीम सिंगापुर से भिड़ेगी।

## विश्व कुश्ती: अंतिम पंघाल ने जीता कांस्य पदक, हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा



**बेलग्रेड।** सीनियर विश्व चैंपियनशिप में अपने पदार्पण पर, भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल ने गुरुवार को यहां 53 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में स्वीडन की यूरोपीय चैंपियन जोना मालमग्रेन पर शानदार जीत दर्ज करते हुए कांस्य पदक जीता और 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थी और उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता के माध्यम से 16-6 से जीत हासिल कर अपना पहला सीनियर विश्व चैंपियनशिप पदक जीता। अपनी कांस्य पदक जीत के रास्ते में, पंघाल ने क्वालीफिकेशन में मौजूदा विश्व चैंपियन अमेरिका की ओलिविया डोमिनिक पैरिश को हराया, उसके बाद पोलैंड की रोक्साना मार्टा ज़सीना पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। हरियाणा की 19 वर्षीय पंघाल, जो डब्ल्यूएफआई को विश्व निकाय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद एक तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने क्वार्टर फाइनल में रूस की नतालिया मालिशेवा को हराया और फिर बुधवार को सेमीफाइनल में बेलारूस की टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता वेनेसा कलादज़िंस्काया से हार का सामना करना पड़ा।

## केरला ब्लास्टर्स ने बेंगलुरू को 2-1 से हराकर की आईएसएल सीजन 10 की धमाकेदार शुरुआत

**कोच्चि।** केरला ब्लास्टर्स एफसी ने बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 की धमाकेदार शुरुआत की। गुरुवार रात को बारिश के बीच कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए उद्घाटन मुकाबले में मेजबान केरला ब्लास्टर्स की जीत में बेंगलुरू एफसी के डच मिडफील्डर केजिआह वेनडॉर्प ने 52वें मिनट में आत्मघाती गोल और कप्तान एंड्रियन लुना ने 69वें मिनट में गोल किया। कप्तान एंड्रियन लुना को इस गोल और मिडफील्ड में दमदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। अपने मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक, जो चार मैचों का प्रतिबंध झेल रहे है, की गैरमौजूदगी में ब्लास्टर्स ने आईएसएल 10 सीजन की पहली जीत हासिल करते हुए सकारात्मक संकेत दिए। बेल्जियाई सहायक कोच फ्रैंक डाउवेन की देखरेख में उतरे ब्लास्टर्स ने सकारात्मक शुरुआत से पूरे तीन अंक अर्जित किए। वहीं, बेंगलुरू एफसी के मुख्य कोच साइमन ग्रेसन अपनी टीम की गलतियों के कारण मिली इस हार से नाखुश थे।

52वें मिनट में मैच का पहला गोल तब आया, जब बेंगलुरू एफसी के डच मिडफील्डर केजिआह वेनडॉर्प की आत्मघाती गलती की वजह से केरला ब्लास्टर्स को 1-0 की बढ़त मिल गई। बाएं छोर से कॉर्नर किक को मिडफील्डर जीक्सन सिंह ने हेडर से टच देने की कोशिश की और वेनडॉर्प गेंद को अपने गोलपोस्ट की तरफ हेडर कर बैठे और गेंद टिप्पा खाकर गोललाइन के पार चली गई। 69वें मिनट में कप्तान एंड्रियन ने चतुराई से गोल करके केरला ब्लास्टर्स की बढ़त को 2-0 कर दिया। उरुग्वे के मिडफील्डर ने बेंगलुरू एफसी के अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत संधू की लापरवाही का फायदा उठाकर यह गोल किया। बॉक्स के अंदर मिले बैक पास को फर्स्ट टाइम क्लीयर करने की बजाय संधू गेंद को लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे लेकिन लुना उनकी बेपरवाही को ताड़ते हुए तुरंत गेंद पर झपटे और बाएं पैर से शॉट लगाकर गोल कर डाला।




90वें मिनट में बेंगलुरू एफसी के इंग्लिश स्ट्राइकर कर्टिस मेन ने गोल करके अंतर कम करते हुए स्कोर 1-2 कर दिया। बॉक्स के अंदर स्थानापन्न खिलाड़ी मोला का प्रयास ब्लास्टर्स के डिफेंडर से लगने के बाद कर्टिस के पास पहुंची और उन्होंने बाएं पैर से पहले टच से गोलकीपर सचिन को छका दिया और गेंद गोललाइन पार कर गई।

दोनों टीमों के बीच यह 15वां मुकाबला खेला गया, जिसमें यह केरला ब्लास्टर्स एफसी की चौथी जीत है और बेंगलुरू एफसी ने 8 मैच जीते है। तीन मैच ड्रा पर समाप्त रहे हैं। इस जीत से ब्लास्टर्स ने पिछले दो मैचों में ब्लूज के हाथों हार का सिलसिला तोड़ दिया है। पिछले दोनों मैच बेंगलुरू ने 1-0 के अंतर से जीते थे।

## एशियाई खेल : भारतीय फुटबॉल टीम ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया, सुनील छेत्री रहे हीरो

**हांगझू।** भारत ने 2023 एशियाई खेलों के अपने दूसरे मैच में सुनील छेत्री के बेहतरीन गोल की बदौलत बांग्लादेश को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किये।

भारतीय टीम ने मैच की आक्रामक शुरुआत की और पहले दस मिनट में कुछ आधे मौके बनाए। हालाँकि, बंग्लादेश के खिलाड़ियों ने भी अपनी तेज गति से भारतीय टीम को खासा परेशान किया।

बांग्लादेश की टीम को मैच के 25वें मिनट के आसपास पहला महत्वपूर्ण मौका मिला, जब फॉयसल फहीम को फ्लैंक पर गेंद मिली, जहां आगे काफी जगह थी, लेकिन उनके शॉट में ताकत की कमी थी और धीरज सिंह ने इसे आसानी से पकड़ लिया।

हालांकि इसके बाद मूसलाधार बारिश ने दोनों टीमों के सामने चुनौतियों को बढ़ा दिया, जिससे नियंत्रण और कब्ज़ा बनाए रखना मुश्किल हो गया।



भारत के लिए मैच में सबसे बड़े मौके हॉफ टाइम के आखिरी क्षणों में आए, जब भारतीय टीम को गोल करने के जल्दी-जल्दी तीन मौके मिले। गोलकीपर मितुल मार्मा ने गोल लाइन पर सुनील छेत्री के प्रयास को शानदार ढंग से विफल कर दिया। रिबाउंड अब्दुल रबीह के पास गया, लेकिन एक बार फिर मार्मा ने हस्तक्षेप करके स्कोरिंग के मौके को नकार दिया। कुछ ही सेकंड में, भारत को तीसरी बार मौका मिला, हालांकि इस बार मार्मा ने राहुल केपी के हेडर को रोक दिया। पहला हॉफ गोल रहित रहा।

अंततः भारत को दूसरे हॉफ में सफलता मिली, जब मैच के 85वें मिनट में सुनील छेत्री ने पेनल्टी किक को गोल में बदलकर ब्लू टाइगर्स को 1-0 की बढ़त दिला दी। फाइनल सीटी बजने तक भारत ने अपनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखी और नॉक आउट स्टेज की ओर मजबूती से एक कदम बढ़ा दिया।

## आशुतोष ने की शानदार बल्लेबाजी, डीवाईए ने जीता मैच

**लखनऊ।** लाइफ केयर टी-20 क्रिकेट कप में डी.वाई.ए. ने स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब को 15 रन से हराकर बढ़त बना ली। डीवाईए के आशुतोष सिसोदिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 60 बाल पर 68 रन बनाये। डीवाईए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट गवांकर 126 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आशुतोष ने पांच चौका और तीन छक्का की मदद से 60 बाल पर 68 रन बनाये। वहीं विदित जोशी ने 14 रन का योगदान दिया। लक्ष्य ने 19 रन बनाये। ध्रुव मिश्रा मात्र तीन रन बनाकर ही आउट हो गये। स्पोर्ट्स गैलेक्सी की टीम 111 रन बनाकर ही आउट हो गयी। स्पोर्ट्स गैलेक्सी की टीम के सुंदर यादव ने सर्वाधिक 46 रन बनाये, जबकि सौरभ तिवारी ने 41 रन का योगदान दिया। सलामी बल्लेबाज प्रिथुल मेहता मात्र दो रन बनाकर ही आउट हो गये। हर्षजीत यादव दो रन बनाकर आउट हो गये।

## एशियाई खेल: श्रीलंका ने थाईलैंड को 8 विकेट से हराया

**हांगझोउ** ।एशियाई खेल 2023 में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने खेले गए तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में थाईलैंड को आठ विकेट से हराया दिया है। आज सुबह श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड ने 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 78 रन स्कोर बनाया। थाईलैंड की ओर सबसे अधिक नाबाद 31 रन चानिदा सुथ्थीरुआंग ने बनाए। इसके अलावा उनकी टीम के किसी खिलाड़ी का स्कोर दहाई अंक में भी नहीं पहुंचा सका। उतरी श्रीलंका की ओर से पारी की शुरुआत अनुष्का संजीवनी और चमारी अटापट्टू (कप्तान) ने शुरुआत की। दोनो सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े।

## वनडे विश्व कप 2023 से पहले PCB को लगा झटका, मोहम्मद हफीज ने दिया इस्तीफा

**लाहौर।** पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने एक दिवसीय विश्व कप से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की तकनीकी समिति से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एशिया कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन को लेकर बुलाई गई समीक्षा बैठक के तुरंत बाद यह फैसला किया। इस दो दिवसीय सत्र के दौरान पाकिस्तान की टीम में दो बदलाव किए गए तथा चोटिल तेज गेंदबाज नसीम शाह और ऑलराउंडर फहीम अशरफ की जगह तेज गेंदबाज जमान खान और स्पिनर अबरार अहमद को विश्व कप की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

हफीज ने ट्विटर पर लिखा, 'मैंने पाकिस्तान क्रिकेट की तकनीकी समिति से इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैं मानद सदस्य के रूप में कम कर रहा था। मुझे यह अवसर देने के लिए मैं जका अशरफ का आभार



व्यक्त करता हूं। पाकिस्तान क्रिकेट को लेकर जका अशरफ को जब भी मेरी सेवाओं की जरूरत पड़ेगी मैं उपलब्ध रहूंगा। हमेशा की तरह पाकिस्तान क्रिकेट को मेरी शुभकामनाएं। एशिया कप में श्रीलंका और भारत से हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष जका अशरफ ने यह समीक्षा बैठक बुलाई थी। हफीज के अलावा कप्तान बाबर आजम, मुख्य कोच ग्रांट ब्रैडबर्न, मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नासिर, पीसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रमुख उस्मान वहला और पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक में टीम निदेशक मिकी आर्थर और टीम के गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच के साथ उप कप्तान शादाब खान भी उपस्थित थे। मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक ने समीक्षा बैठक में हिस्सा नहीं लिया। उनके करीबी सूत्रों के अनुसार इस पूर्व कप्तान का मानना था कि समीक्षा बैठक बुलाने के लिए यह सही समय नहीं है। सूत्रों ने कहा, 'इंजमाम दृढ़ इरादों वाले व्यक्ति हैं और वह अध्यक्ष जका अशरफ के समीक्षा बैठक बुलाने के फैसले से सहमत नहीं थे। उनका मानना था कि इस बैठक में बाबर और ब्रैडबर्न को मिस्बाह, हफीज और बोर्ड के अन्य अधिकारियों के असहज करने वाले सवालों का सामना करना पड़ सकता है जो कि विश्व कप से पूर्व सही नहीं होगा।

## बिरसिंहपुर में नशीली कफ सिरफ ( कोरेक्स) की तस्करी कर रहे आरोपी को सभापुर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना - जिले के सभापुर थाना अंतर्गत बिरसिंहपुर कस्बे में अवैध रूप से नशीली कफ सिरफ कोरेक्स की तस्करी करने वाले आरोपी जितेंद्र सिंह/ पिता नरोत्तम सिंह नामक 35 वर्षीय युवक को थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी की पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सभापुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर कस्बे में कोटर मोड पर आरोपी द्वारा झोले में नशीली कफ सिरफ कोरेक्स रखकर बिक्री किए जाने की



सूचना मुखबिर द्वारा सभापुर थाना प्रभारी को मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी हमराही स्टाफ के साथ जैसे ही मुखबिर के बताए हुए स्थान पर पहुंचे तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी करते हुए पुलिस ने पकड़ लिया,पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 नग अवैध नशीली कफ सिरप कोरेक्स भी जप्त कि,थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी जितेन्द्र सिंह के विरुद्ध ह्छक्क्र एक्ट कि धारा 8,21,22 एवं ड्रग कंट्रोल अधिनियम की धारा 5/13 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## इस विश्व कप के बाद हम अक्सर शुबमन गिल के बारे में बात करेंगे : सुरेश रैना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि इस साल के पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के खत्म होने के बाद क्रिकेट जगत में लोग दाएं हाथ के युवा बल्लेबाज के बारे में अधिक बात करेंगे। भारत की विजयी 2018 पुरुष अंडर-19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नामित गिल पिछले 1.5 वर्ष से प्रारूप में लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैचों के साथ-साथ घरेलू धरती पर पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत की टीम का हिस्सा हैं। वह हाल ही में एशिया कप में अग्रणी रन-स्कोरर थे जहां उन्होंने पांच मैचों में 75.50 की औसत और 93.50 की स्ट्राइक-रेट से 302 रन बनाए।

रैना ने कहा, वह डेढ़ साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्हें बीच में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जिस तरह से उन्होंने वापसी की और एशिया कप में अच्छे रन बनाए। वह सकारात्मक दिख रहे हैं, अच्छे फुटवर्क का उपयोग कर रहे हैं और वेस्टइंडीज के खिलाफ 40 रन पर आउट होने के बाद अब वह आराम से 50 और यहां तक कि 100 रन भी बना रहे हैं। उन्होंने कहा, वह विश्व कप में सबसे



महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक होगा। मुझे पता है कि वह सुपरस्टार बनना चाहता है और अगला विराट कोहली बनना चाहता है और वह पहले से ही उस आभा में है और इस विश्व कप के बाद हम उसके बारे में अधिक बार बात करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली के पीसीए स्टेडियम में होने वाले वनडे मैच में पहली बार होगा जब गिल अपने घरेलू मैदान पर कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रैना को लगता है कि गिल वही कर सकते हैं जो कप्तान रोहित शर्मा ने 2019 में बल्ले से किया था, जहां वह प्रतियोगिता में रन बनाने वालों में अग्रणी थे। मिस्टर आईपीएल ने कहा, वह अपने हाथ की गति के साथ जिस फॉर्म में खेल रहा है, वह बेहद मजबूत है। स्पिनरों को पता नहीं होता कि उन्हें कहां गेंदबाजी करनी है और अगर तेज गेंदबाज गेंद को स्विंग नहीं कराते हैं, तो वह स्ट्रेट या फ्लिक से उसे अच्छी तरह से खेल सकते हैं। उनकी मानसिकता यहीं नहीं रुकेगी। 2019 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा ने क्या किया; गिल इस साल भारत के लिए ऐसा ही कर सकते हैं। उन्हें बल्लेबाजी के लिए 50 ओवर मिलेंगे, इसलिए यह उनकी बल्लेबाजी के लिए टेकऑफ प्वाइंट है।



# एमी जैक्शन के नए लुक्स का सिलियन मर्फी कनेक्शन ?...फैन्स बोले- 'ओपनहाइमर में बेहतरीन काम किया था'

ओपनहाइमर (Oppenheimer) में शानदार एक्टिंग के जरिए दर्शकों और फैन्स की वाहवाही लूटने वाले सिलियन मर्फी (Cillian Murphy) एक बार फिर से सोशल मीडिया पर चर्चा का सबब बने हुए हैं. हालांकि मर्फी के लिए हो रही इस चर्चा का सीधा कनेक्शन एक्ट्रेस एमी जैक्सन से जुड़ा हुआ है. दरअसल हाल ही में एमी जैक्सन ने अपने बॉयफ्रेंड एड वेस्टविक के साथ आउटिंग की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की तो बस शुरू हो गया ये पूरा मसला...

**नए लुक को लेकर ट्रोल हुई एमी जैक्शन**

दरअसल जैसे ही एमी जैक्सन ने अपनी नए लुक के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की तो फैन्स ने नया एंगल खोज निकाला. हर किसी को एमी के इस नए लुक में एक हैरतअंगेज सिलियन मर्फी कनेक्शन दिखाई देने लगा. तस्वीरों में एमी हाई चीक बोन्स, लाइट आईज और खुले मुंह के साथ एक्सप्रेशन देती दिख रही हैं. इन तस्वीरों को देखकर फैन्स को सिलियन मर्फी का पीकी ब्लाइंडर्स में थॉमस शेलबाई वाला लुक याद आ गया. जिसके बाद यूजर्स ने इसे लेकर कमेंट और चर्चा करना शुरू कर दिया.

**एमी के लुक पर यूजर्स ने दी ऐसी प्रतिक्रिया**



इस दौरान चुटकी लेते हुए एक यूजर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि, 'ये तो सिलियन मर्फी की कार्बन कॉपी है, इसे अनदेखा नहीं कर सकते.' वहीं दूसरे यूजर ने एमी की चुटकी लेते हुए लिखा कि, 'आपने ओपनहाइमर में बेहतरीन काम किया था.' तो एक यूजर ने एक कदम आगे बढ़ते हुए लिख डाला कि, 'सिलियन मर्फी ने एमी जैक्सन की आईडी हैक कर ली है. 'बात दें कि एमी जैक्सन और एड वेस्टविक एक दूसरे के साथ रिश्ते में हैं. हाल ही में इन दोनों ने उदयपुर में एक शानदार हॉलीडे एंजॉय किया था. एमी ने सोशल मीडिया के जरिए ही दोनों के रिश्तों को सार्वजनिक किया था.

**इस फिल्म में दिखे थे सिलियन मर्फी**

वहीं सिलियन मर्फी की बात करें तो वो हाल ही में क्रिस्टोफर नोलन की सुपरहिट फिल्म 'ओपनहाइमर' में दिखाई दिए थे. उनके काम की काफी तारीफ भी हुई थी. फिल्म में उन्होंने फादर ऑफ द एटॉमिक बॉम्ब रॉबर्ड जे ओपनहाइमर की भूमिका निभाई थी.

# 5-6 बार रोया, तीन-चार घंटे रहा खामोश, बेटी को पहली बार देखने पर ऐसी हो गई थी Rahul Vaidya की हालत




बेबी गर्ल के पिता बनने के बाद सिंगर राहुल वैद्य ने बताया कि जब से उन्होंने अपनी बेटी को देखा है तब से वह लगभग 5-6 बार रो चुके हैं. उन्होंने कहा कि यह फीलिंग एकदम अलग है. बच्ची का जन्म सबसे शुभ समय में हुआ था. गणेश जी के साथ लक्ष्मी आई है हमारे घर. दिशा और हमारी बेटी दोनों ठीक हैं.

**5-6 बार रोया, तीन-चार घंटे रहा खामोश**

बता दें कि इस कपल ने 20 सितंबर को अपनी बेबी गर्ल का वेलकम किया और इंस्टाग्राम पर तस्वीरें भी पोस्ट की. एक इंटरव्यू में जब उन्होंने अपनी बेटी को पहली बार बाहों में उठाया तो इसे बेहद इमोशनल समय बताते हुए सिंगर ने कहा- मैं खुशी से तीन से चार घंटे तक खामोश था, मुझे समझ नहीं आ रहा था कि हो क्या रहा है. उसके जन्म के बाद से मैं पांच से छह बार रो चुका हूं.

राहुल ने आगे कहा मैं जब भी उसे देखता हूं तो मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं. बात करते समय अभी भी मेरा गला भर आया, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं. यह ऐसा है जैसे आप जानते हैं कि डिलीवरी जल्द ही होगी, लेकिन जब यह सच में होता है, तो यह एक अलग एहसास होता है.

**बेटी को पहली बार देखने पर ऐसी हो गई थी राहुल वैद्य की हालत**

राहुल को अभी भी यकीन नहीं हो रहा है कि वह पिता बन गए हैं. उन्होंने कहा मैं इस बात पर अभी भी विश्वास नहीं कर पा रहा हूं कि अब मेरी एक बेटी है और मैं एक पिता हूं. जब मैं फॉर्म पर साइन कर रहा था जहां लिखा था, पिता का ना, उस पल में मुझे लगा कि आखिरकार सच में मेरे साथ हो रहा है. राहुल 23 सितंबर को 36 साल के हो जाएंगे. इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह इस साल मेरे लिए सबसे यादगार जन्मदिन होगा, क्योंकि दिशा और मेरी बेटी को एक ही दिन अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी. इसलिए मैं अपने बर्थडे पर बेटी का घर पर स्वागत करूंगा.

# Pandya Store की ऋषिता का 5 साल का रिश्ता टूटा, ब्रेकअप पर बोलीं- मैं एक ही बात पर सालों तक नहीं लड़ सकती



हिट टीवी शो पंड्या स्टोर में अपने किरदार से चर्चित सिमरन बुधरूप उर्फ ऋषिता की अक्षय खरोदिया के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को काफी पसंद किया जाता है.

हालांकि एक रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में एक अपडेट सामने आई है कि एक्ट्रेस का अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड आशुतोष सेमवाल के साथ ब्रेकअप हो गया है.

**सिमरन ने आशु सेमवाल से ब्रेकअप की पुष्टि की**

एक रिपोर्ट में सिमरन ने कहा, हां, हमारा ब्रेकअप हुए करीब एक महीना हो गया है. बता दें कि आशु और सिमरन एक शूटिंग के लिए चंडीगढ़ में मिले, एक बात से दूसरी बात हुई और उन्हें प्यार हो गया. अपने रिश्ते के तीन साल बाद, उन्होंने अपने रिश्ते से ब्रेक लिया.

सिमरन ने आगे कहा, यह एक खूबसूरत रिश्ता रहा है. हमारे मन में अभी भी एक-दूसरे के लिए बहुत सम्मान है. बात सिर्फ इतनी है कि हम लाइफ में अलग-अलग चीजें चाहते हैं. मैं हर चीज में क्लीयर रहना पसंद करती हूं. मैं उनमें से हूं जो हर चीज का सामना करती हूं. मैं एक ही बात पर सालों तक नहीं लड़ सकती. इसलिए हमने अपने पांच साल लंबे रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया.

**ब्रेकअप के बाद ऐसे रह रही हैं एक्ट्रेस**

एक्ट्रेस ने बताया कि जब मुझे लगता है कि यह बहुत मुश्किल हो रहा है, तो मैं अपने दोस्तों को बुलाती हूं और वे मुझे बाहर ले जाते हैं, जिससे सच में मुझे मदद मिलती है, जिससे मुझे अपना ध्यान भटकाने में मदद मिलती है.


**सिमरन ने आशुतोष के साथ रिश्ते पर कही ये बात**

उन्होंने कहा, आशू और मैं एक साथ रह रहे थे और अब वह चले गए हैं. उनका कुछ सामान अभी भी मेरे घर पर है, हमने जो समय एक साथ बिताया है, उसे देखते हुए यह मुश्किल काफी है.

# करण कुंद्रा से पहले शिविन नारंग संग रिलेशनशिप में थीं Tejasswi Prakash? एक्टर ने किया रिएक्ट



नागिन 6 एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. तेजस्वी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं. इन दिनों वो एक्टर करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप में हैं. दोनों साथ में काफी खुश हैं और इस फेज को एंजॉय कर रहे हैं. दोनों की लव स्टोरी बिग बॉस 15 से शुरू हुई थी.करण कुंद्रा से पहले तेजस्वी का नाम एक्टर शिविन नांरग के साथ जुड़ा था. शिविन और तेजस्वी ने खतरों के खिलाड़ी 10 में हिस्सा लिया था. इसके बाद से दोनों के लिंकअप की खबरें आने लगी थीं. दोनों ने साथ में म्यूजिक वीडियो भी किया था. हालांकि, दोनों ने ही अफेयर की खबरों को झूठा बताया.



अब एक्टर शिविन ने तेजस्वी संग रिलेशन की खबरों पर रिएक्ट किया है. सिद्धार्थ कनन संग बातचीत में शिविन ने तेजस्वी संग रिलेशन की खबरों को नकारा. शिविन ने कहा कि उन्होंने तेजस्वी को कभी डेट नहीं किया. तेजस्वी संग मेरे हमेशा अच्छे टर्म रहे हैं. इसके अलावा शिविन ने बताया कि वो और तेजस्वी लिंकअप की खबरों पर हंसते थे.

शिविन ने कहा कि को-एक्टर्स को साथ में लिंक करना एक ट्रेंड बन गया है.

**तेजस्वी प्रकाश का वर्क फ्रंट**

तेजस्वी के करियर की बात करें तो उन्होंने शो स्वरागिनी - जोड़ें रिश्तों के सुर से नेम-फेम मिला था. इसके अलावा उनका शो पहरेदार पिया की भी काफी चर्चा में रहा था. तेजस्वी ने रिश्ता लिखेंगे हम नया, कर्ण संगिनी, खतरों के खिलाड़ी, बिग बॉस 15 और नागिन 6 जैसे शोज किए हैं. उन्होंने मराठी फिल्म इंडस्ट्री में भी डेब्यू किया है. वो मन कस्तूरी रे में नजर आई थीं. इसके अलावा वो स्कूल कॉलेज आणि लाइफ में भी दिखीं.

## एक नजर...

### सीएम हैल्प लाईन शिकायतों के निराकरण में भिण्ड जिले का अब तक का उत्कृष्ट प्रदर्शन

उमाकान्त शर्मा, दैनिक मधुर इंडिया



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं उनकी टीम द्वारा प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत सम्पर्क कर सीएम हेल्प लाईन शिकायतों का निराकरण कराया गया।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रदेश में चलायी जा रही, बहुआयामी योजना सीएम हेल्प लाईन न. 181 के तहत समस्त सहकारी विभागों में आमजन को समय पर सहायता ना मिलने की स्थितियों में आमजन सीधे सीएम हेल्पलाईन न. 181 पर शिकायत कर अपनी समस्या बता सकता है। उक्त शिकायतकर्ता के द्वारा की गयी शिकायत को सम्बन्धित विभाग को स्थानान्तरित कर उसके जल्द से जल्द निकाल हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा परिवेक्षण किया जाता है। इसी प्रकार पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों का पूरा लेखा-जोखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रखा जाता है जिसमें भिण्ड पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं उनकी टीम द्वारा प्रत्येक शिकायत का बारीकी से अवलोकन किया गया।साथ ही प्रत्येक शिकायतकर्ता से सम्पर्क कराया जाकर उनके द्वारा बतायी गयी समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया गया जिसके परिणाम स्वरुप जिला भिण्ड माह अगस्त-2023 के निराकरण में प्रदेश में 03 वें स्थान पर (85.27 प्रतिशत) आया है जो जिला भिण्ड का विगत 01 वर्ष के निराकरण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है इसी क्रम में माह अगस्त- 2023 में दर्ज की गई शिकायतों का सन्तुष्टी पूर्वक निराकरण 52.83 प्रतिशत रहा है। लगातार सुधार करते हुये ग्वालियर चम्बल संभाग के जिलों में (अगस्त-2023 में दर्ज की गई शिकायतों में) सन्तुष्टी के प्रतिशत में प्रथम स्थान पर है। उक्त उपलब्धी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को प्रशंसा से एवं समस्त थाना प्रभारी / थानों में उक्त कार्य हेतु पदस्थ कर्मचारियों तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शिकायत शाखा में पदस्थ कर्मचारियों को 500 रुपये के नगद पुरष्कार से पुरुष्कृत किया है।

### मौ पुलिस ने दम्पति से लूट करने वाले आरोपियों को मय हथियार के किया गिरफ्तार

पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । 19 सितंबर 23 को फरियादी द्वारा थाना मौ में सूचना दी गयी कि शाम करीब सात बजे अपनी पत्नि के साथ मोटर सायकिल से अपने गाँव रतवा जा रहा था ग्राम नरुआपुरा के मोड के पास एक ब्लैक कलर की प्लसर मोटरसायकिल पर अज्ञात तीन बदमाश पीछे से आये ओवरटेक करके गाडी आगे लगा दी उनमें से एक ने मेरी कनपटी पर कट्टा लगा दिया तथा दूसरे ने मेरा मोबाईल व रुपये व मेरी पत्नि का पर्स उसका मोबाईल व गहनें लूट कर भाग गये। फरियादी सुलेमान खान की रिपोर्ट पर थाना मौ पर अपराध क्र. 231 / 23 धारा 392 भादवि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट कायम किया गया। उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं एएसपी संजीव पाठक व एसडीओपी गोहद सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में थाना मौ में हुयी लूट की घटना करने वाले अज्ञात तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का शीघ्र खुलाशा करने हेतु थाना प्रभारी मौ निरीक्षक विश्वदीप सिंह परिहार को निदेर्शित किया गया। दिनांक 22/09/23 को थाना प्रभारी मौ को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि लूट करने वालो में से एक आरोपी बार्ड न. 12 मेहंगाव का रहने वाला है उक्त सूचना पर आरोपी को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गयी तो उसने जुर्म स्वीकार कर अपने अन्य दो साथियों के नाम बताये जो मेहगाव के ही रहने वाले थे जिन्हें पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लूटे गये दोनो मोबाईल, चाँदी के कडे नगदी तथा घटना में प्रयुक्त कट्टा साथही अन्य दो कट्टे व मोटर सायकिल बरामद किये गये है। जप्त मशरूका का विवरण- 03 कट्टा 315 बोर व 03 जिन्दा राउण्ड ,दो एन्डॉईड मोबाईल । घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल (पल्सर ब्लेक), लूटी गयी रकम का 1800 रुपये,चाँदी के कडे 02 नग । उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी मौ निरीक्षक विश्वदीप सिंह परिहार, उउपनिरीक्षक प्रवेन्द्र सिंह,आरक्षक जहीर खान,धमेन्द्र तोमर,अचित्र, विनोद,प्रदीप तोमर,पदम रावत, मुनेश तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### दबोह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे



दबोह। आगामी त्योहारों को लेकर दबोह पुलिस थाने परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।जिसमें नगर में लहार एसडीओपी रविन्द्र विलवाल,नगर निरीक्षक परमानंद शर्मा एवं उपनिरीक्षक देवेंद्र राठौर मौजूद रहे।थाना प्रभारी ने आगामी त्यौहारो जैसे ईदमिलादुन्नवी,गणेश महोत्सव, नवदुर्गा महोत्सव, डोल ग्यारस आदि को मद्देनजर रखते जिसमें कहा कि हिंदू-मुस्लिम धर्मो के त्यौहार आ रहे तो आप सभी आग्रह है कि सभी त्यौहारो को सामाजिक समरसता एवं सौहार्द्र पूर्ण तरीके से मनाए।जिससे नगर की शान्ति भंग न हो सके वही निरीक्षक ने गणेश महोत्सव बाली कमेटियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि विसर्जन बाले दिन पुलिस के द्वारा नदी एवं तालाब पर प्रतिमा विसर्जन व्यवस्था भी की जाएगी तो आप लोग अपनी अपनी प्रतिमा मल्हार या तैराकीयो को देंगे।वही लोग आपकी प्रतिमाएं नदी में विसर्जित करेंगे आप लोगो को नदी के जल में गहराई में जाने की आवश्यकता नही है।वही लहार एसडीओपी ने भी त्यौहारो को शांति पूर्ण तरीके से मनाने के लिए आवश्यक बातों पर प्रकाश डाला।इस बीच उपस्थित नगरबासियो ने अपने अपने सुझाव दिए जिस पर अधिकारियों ने गंभीरता से सुना इस अवसर पर नायाब तहसीलदार रमाशंकर शर्मा,मुख्यनगरपालिका अधिकारी प्रदीप ताम्रकर के साथ नगर के गणमान्य नागरिक एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

### खरगोन नगर पालिका. CMO एवं अध्यक्ष का सफाई कर्मचारी मोर्चा के खरगोन जिला अध्यक्ष व उनकी टीम द्वारा इस्तेबाल किया गया

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे



राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा मध्यप्रदेश भोपाल के मुख्य संरक्षक प्रताप करोसिया एवं प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश खरे की सहमति से खरगोन शहर सफाई कर्मचारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाकीर हुसैन को नियुक्त किया गया सफाई कर्मचारी मोर्चा के खरगोन जिला अध्यक्ष साकीर हुसैन की सहमति से खरगोन शहर में सफाई कर्मचारीयों के द्वारा अपनी टीम को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति पत्र दिए गए इसी प्रकार खरगोन सफाई कर्मचारियों मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाकीर हुसैन एवं उनकी टिम के द्वारा खरगोन नगर पालिका ष्टस्ह मंशाराम निगवाल व नगर पालिका खरगोन अध्यक्ष छाया जोशी को गुलदस्ता भेंट कर नियुक्त पत्र दिये सिईमो मंशाराम निगवाल द्वारा एवं अध्यक्ष छाया जोशी द्वारा सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया गया व प्रशंसा करते हुए अच्छे काम करने हेतु खुश जाहिर की जिला अध्यक्ष साकीर हुसैन ने अपनी टीम को लेकर हमेशा तत्पर रहते हुए कार्य करने के हेतु कहा गया इसी दौरान राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री प्रताप करोसिया मध्यप्रदेश शासन भोपाल का खरगोन सफाई कर्मचारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाकीर हुसैन व शहर अध्यक्ष आसमाड़ खान खरगोन जिले के समस्त सफाई कामगारों द्वारा करोसिया जी का आभार व्यक्त किया गया राज्य सफाई कर्मचारी मोर्चा के खरगोन जिला अध्यक्ष साकीर हुसैन की टीम इस प्रकार है रमजान खान शाहीद खान चंदु खान महामंत्री सोनु खान जुल्फकार पटेल जमील बाबा पार्षद इकबाल खान अफजल खान फिरोज खान अफजल खान मुन्ना खान कासीम खान सचीन मालवीय हरिओम सोनी भारत वर्मा लोकेश दवे आकाश दुवे आकाश मोरे योगनेश कागले।

# नगर निरीक्षक दबोह ने कैलिया पुलिस के साथ की बॉडर बैठक

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। मध्यप्रदेश में इन दिनों चुनावी माहौल लगभग शुरू हो चुका है।जिसके अंतर्गत नेताओ के प्रचार प्रसार की तैयारीया एवं प्रशासन की शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने तैयारियां जनता की चर्चाओं में स्पष्ट रूप से दिखने लगी है।वही प्रशासन की कार्यशैली को देखते हुए भी ऐसा प्रतीत हो रहा है।जैसे मानो प्रशासन ने भी शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए पूर्ण रूप अपनी कमर कस ली हो फिलहाल हर जगह गणेश महोत्सव चल रहा है तो वही आगे भी हिन्दू मुस्लिम दोनों धर्मो के और भी त्यौहार आ रहे है।इन्ही सब को नजर में रखते हुए गुरुवार को दबोह नगर निरीक्षक परमानंद शर्मा ने पास में स्थित मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश के बॉर्डर पर पहुँच कर उत्तरप्रदेश पुलिस को आमंत्रित कर एक सयुक्त बॉर्डर बैठक आयोजित की जिसमे दबोह भिण्ड मध्यप्रदेश पुलिस एवं केलिया जालौन उत्तरप्रदेश पुलिस के दोनों थाना प्रभारियों के बीच यह संयुक्त बैठक सम्पन्न की गई मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश की सीमा के मध्य बॉर्डर के रूप में स्थित पहुज नदी पर दबोह थाने के अंतर्गत आने बाले ग्रामो के साथ साथ दबोह नगर की गणेश एवं माताओं की प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पहुंचती है।जिसको लेकर दबोह नगर निरीक्षक परमानन्द



शर्मा एवं उपनिरीक्षक देवेंद्र राठौर के साथ केलिया थाना प्रभारी संजय कुमार यति के बीच इस बैठक में प्रतिमाओं के विसर्जन सम्बंध में चर्चा की गई दोनों थानाप्रभारियो के मध्य गहन चर्चा के बाद विसर्जन बाले स्थान का मौका मुआयना कर नदी पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विसर्जन के लिए नदी पर पुलिस बल के साथ-साथ मल्हारो और तैराकीयो कि समुचित व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया।

**दूरभाष नंबर और अपराधियों की सूचियों का हुआ आदान-प्रदान**-नगर निरीक्षक परमानंद शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान आगामी समय में मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुये विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई जिसमे दोनों अधिकारियों ने मोबाइल,टेलिफोन,फैक्स नंबर एवं ई-मेल का परस्पर आदान-प्रदान किया वही दोनों थानों पर अपराधियों की विवेचना में लंबित प्रकरणों में फरार आरोपियों की जानकारी भी साझा की गई एवं फरार सीमावर्ती राज्य निवासी आरोपियों की सूची,जिले में सीमावर्ती राज्य के निवासी स्थाई/ गिरफ्तारी वांरटियों की सूची, जिलाबदर अपराधियों की सूची,सीमावर्ती विधान सभा क्षेत्र में शस्त्र लाइसेंसदारान की जानकारी,सांप्रदायिक तनाव की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी का आदान प्रदान किया गया इसी के साथ अवैध,मादक पदार्थों की तस्करी पर निगरानी रखते हुए सीमावर्ती मार्गो पर व्यवस्थित बेरिकेडिंग के साथ सघन चेंकिग करने व समीपवर्ती गांवों के रास्तों से अवैध शराब/मादक पदार्थो/हथियारों की तस्करी पर विशेष निगाह रखने हेतु भी चर्चा की गई।

## खरगोन पुलिस की 'नशा मुक्ति अभियान' के तहत अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) की खेती करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टीगत रखते हुए एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध नशामुक्ति अभियान के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके संबंध मे पुलिस



महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता तथा उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व खेती पर अंकुश लगाने हेतु पृथक से भी निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया । जिसके परिणामस्वरूप एसडीओपी भीकनगाँव के मार्गदर्शन मे थाना भीकनगांव की अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की खेती करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 22.09.2023 को थाना भीकनगाँव पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की गोरेलाल पिता धनसिंह निवासी ग्राम डवाला फाल्या औरंगपुरा अपने घर के पास पटेल वाले खेत मे मिर्ची कपास की फसल के बीच अवैध गांजे के पौधे लगा रखे है । मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधिकारी श्री संजु चौहान के मार्गदर्शन मे थाना भीकनगांव पर पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर के बताए स्थान पर पहुची । पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान ग्राम डवाला फाल्या औरंगपुरा मे गोरेलाल के खेत पर पहुँचे तो आरोपी गोरेलाल पिता धनसिंह पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया । गोरेलाल के खेत के बीच जाकर देखा तो मिर्च व कपास के बीच अवैध गांजे के हरे पत्तेदार पौधे पाये गये । पुलिस टीम व पंचांगो की मदद से मौके से कुल 118 नग वजनी कुल 74 किलो 92 ग्राम का जप्त करने मे पुलिस को सफलता प्राप्त हुई । आरोपी गोरेलाल का कृत्य अपराध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अन्तर्गत दंडनीय होना पाया जाने से आरोपी गोरेलाल के विरूद्ध थाना भीकनगांव पर अपराध क्रमांक 580/2023 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया है । फरार आरोपी का नाम ङ्क गोरेलाल पिता धनसिंह डुडवे जाति भीलाला निवासी डवाला फाल्या औरंगपुरा

**पुलिस टीम**-उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव श्री संजु चौहान एवं थाना प्रभारी भीकनगांव निरीक्षक मीना कर्णावत के मार्गदर्शन मे उनि अजयसिंह चौहान, उनि रामआसरे यादव, आर. 566 आशीष, आर. 73 शैलेष, आर.645 धर्मेन्द्र, मआर. 974 पुष्पासिंह , चालक आर.507 राकेश पाटील, आर.93 मुदस्सर व सैनिक मीठाराम का विशेष योगदान रहा ।

### स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान का शुभारंभ719 हाईवे पर

दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत



मालनपुर नेशनल हाईवे टोल प्लाजा बरैठा से हुआ स्वच्छता अभियान का शुभारंभ अमित सिंह राठौर प्रोजेक्ट हेड प्रमुख ने रोड पर झाडू लगाकर दिया संदेश एवं एमपी हाईवेज प्राइवेट लिमिटेड एन सी इकोटेक भिंड ग्वालियर एन एच 719 पर मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम चंबल संभाग पी एस राजपूत डी एम एवं ए जी एम राजेश थामया के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान 15 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाया जाएगा जो बरैठा टोल प्लाजा से मेहगांव प्लांट फूफ टोल प्लाजा तक नेशनल हाईवे सड़क के किनारे पटरी पर आने वाले बाधक झाड़ियां घास आदि की मिट्टी गिट्टी की सफाई चैनल जीरो 107 किलोमीटर तक सफाई करने के लिए शुभारंभ किया गया जिसमें पी एन सी प्रोजेक्ट हेड अमित सिंह राठौर ने स्वयं झाडू उठाकर टोल प्लाजा बरेठा से इसकी शुरुआत की उनके साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे अवनीश पचौरी, मनमोहन शर्मा, टोल प्लाजा मैनेजर ओमवीर सिंह भदौरिया ओमप्रकाश बेनीवाल, सम्राट अशोक मिश्रा इंजीनियर, विकास शर्मा, आदि स्टाफ मौजूद रहे।

### दो दिवसीय उड़ान मेघा ट्रेड फेयर का हुआ शुभारंभ

पुष्पाजंली टुडे



मैसूरु. जीतो मैसूरु चैप्टर के तत्वावधान में दो दिवसीय उड़ान मेघा ट्रेड ड़ेयर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आर.गुरु के द्वारा किया गया. इस मेले में सूती कपड़े,साड़ियां, इलेक्ट्रिकल्स, आयुर्वेदिक तेल, दवाइयाँ, खाद्य पदार्थ, साज- सजावट की सामग्री सहित तकरीबन 200 दुकानें सजाई गई है द्य कार्यक्रम के प्रायोजक महाशय ग्रुप के राजेश सालेचा रहे द्य इस अवसर पर जीतो केकेजी जॉन अध्यक्ष अशोक सालेचा, मुख्य सचिव दिलीप जैन,जॉन संयोजक केकेजी यश्विन जैन, जीतो मैसूरु चैप्टर के अध्यक्ष कांतिलाल चौहान,मुख्य सचिव गौतम सालेचा,उपाध्यक्ष संघवी राजेश सालेचा,मैसूरु लेडीज विंग की चेयरपर्सन भावना सालेचा, मुख्य सचिव रजनी डागलिया, संयोजक मोना भटेवरा, समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित बन्नूर, केकेजी जोन महिला विंग की चेयरपर्सन यस्मा जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य गण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, नेताओं ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे प्रदेश में जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है । भिण्ड शहर में यात्रा के प्रवेश करने पर कांग्रेसियों ने जबरदस्त स्वागत किया। खंडा रोड़ पर कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा के नेताओं ने आमसभा की । सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर जमकर निशाना साधाते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में पिछले 18 वर्षो से भाजपा के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की




सरकार है, जिसमें बेरोजगारी, भृष्टाचारी, महालोक घोटाला एवं अन्य कई घोटाले, अपराध बड़े है। रोजगार देने के नाम पर व्यापम घोटाले, पीएमटी, नर्सिंग, शिक्षक और पटवारी परीक्षा में फर्जीवाड़ा कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। प्रदेश का युवा रोजगार की तलाश में भटकने को मजबूर है ।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही मध्यप्रदेश के मुखिया श्री चौहान घोषणाएं करने में लग गए हैं, और जन आर्शीवाद के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई का दुरुपयोग किया गया। नेताओं ने कहा कि शिवराज सरकार ने दिखावे के चक्कर में प्रदेश को लाखों करोड़ रुपये के कर्ज में डुबो दिया है।भाजपा शासन में बहिन - बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और किसान कर्ज के बोझ तले डूबा हुआ है। भाजपा नेताओं को जन आशीर्वाद यात्रा की जगह जनता से माफी मांगते हुए प्रायश्चित यात्रा निकालनी चाहिए थी।सभा को मुख्य रूप से विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह,एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव शिवकुमार भाटिया,पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह चतुर्वेदी,जिला प्रभारी वासुदेव शर्मा,किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर मोहम्मद कुरैशी,जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह,शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, रामप्रकाश यादव आदि ने संबोधित किया। मंच पर रामकिशोर भरद्वाज,सचिन द्विवेदी,धर्मेंद्र सिंह भदौरिया पिंकी,संतोष त्रिपाठी,रेखा भदौरिया सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे।कांग्रेस कार्यकर्ताओ के अलावा हजारों की संख्या में आम जनता उपस्थित रही ।

### शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ मनाए त्यौहार थाना प्रभारी डॉक्टर संतोष यादव

दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर

मालनपुर/पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में व गोहद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरभ कुमार के मार्गदर्शन आगामी दिनों में होने वाले प्रमुख त्योहार श्री गणेश उत्सव झांकी, विसर्जन व ईद मिलादुन्नबी उत्सव को लेकर शांति व्यवस्था बनाने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजित की गयाद्य इसी क्रम में गुरुवार को मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक डॉक्टर संतोष यादव ने थाना परिसर में शांति समिति बैठक में थाना प्रभारी ने नगर वासियों से अपील की कि



आगामी आने वाले त्योहारों को भाईचारा, शांतिपूर्ण तरीके से मनाई तरीके से मानाए एवं प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए जुलूस निकालते वक्त ध्यान रखें कि मार्ग अवरुद्ध न हो और आम जनों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो प्रसादी वितरण एवं भंडारे का आयोजन हाईवे पर ना करें दोनों ही समुदायों से अपील है कि प्रेम पूर्ण भाईचारे के साथ त्योहार मनाए और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें द्यसोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की जाति विशेष और समुदाय को लेकर सामाजिक सौहार्ट बिगड़ने वाली पोस्ट ना करें द्यकिसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। और मालूमतपुर थाना पुलिस आपके लिए 24 घंटे तट पर है अगर कोई सामाजिक तत्व नजर आए तो तुरंत मालनपुर थाना में सूचना दें जिस पर उपस्थित लोगों ने त्यौहार को शांतिपूर्ण, भाईचारा एवं प्रशासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है द्य इस मौके पर उपस्थित रहे उप निरीक्षक प्रदीप भदौरिया, ए एस आई दिलीप सिंह तोमर आरक्षक पंकज तोमर एवं कांग्रेस नेता केशव देसाई, वरिष्ठ पत्रकार परमाल सिंह तोमर, बृजभूषण कुशवाह, देवेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा आजम मुस्तफाई शहर काजी मालनपुर, जिया शाह, रॉकी जैन, नौसाद खान, इत्यादि नगर के गणमन नागरिक एवं पत्रकार गण मौजूद रहे।

## राजस्व, पुलिस की चुनाव तैयारियों के लिए संयुक्त समन्वय बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने कहा की चुनाव के लिए तैयारी जितनी अच्छी होंगी चुनाव उतना ही शांतिनपूर्ण तरीके और पारदर्शिता के साथ कराया जा सकता है। कानून व्यवस्था सबसे मुख्य मुद्दा है इसके लिए सभी एसडीएम और एसडीओपी अपने क्षेत्र में सभी आवश्यक कदम उठाए और चिन्हित लोगो को थाना हाजरी के लिए ताकीद कराए, आदतन अपराधी को थाना में बाउंड ओवर कराया जाय। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करे की सभी लायसेंसी हथियारों का अद्यतन जानकारी अपडेट कर ले और आचार संहिता लगने के साथ ही उनको थाने में जमा कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित कराई जाए। जिन अपराधियों के विरुद्ध थानों में अपराध दर्ज है उनके विरोध कानून व्यवस्था के लिए कर्रवाई की जाए। आम जनता में प्रशासन और निर्वाचन के प्रति विश्वास बना रहे उसके लिए यह जरुरी है की अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक में एडीएम राजकुमार खत्री, एएसपी संजीव पाठक,सभी एसडीएम,तहसीलदार,नायाब तहसीलदार,एसडीओपी,थाना प्रभारी, उपस्थित रहे। एसपी श्री खत्री ने कहा की सभी एसडीओपी और थाने प्रभारी भी यह सुनिश्चित किया जाए की आदतन अपराधियो को कैश बाउन्ड ओवर कराया जाए। ऐसे लोगो का क्रिमिनल बैक ग्राउंड जरूर चेक किया जाए और ऐसे लोगो को भी चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हित करे और पूर्व में कोई घटना किसी मतदान केंद्र पर हुई है तो उसको भी चिन्हित किया जाए। पुलिस थाना प्रभारी यह सुनिश्चित किया जाए की किसी ने भी जिले में गोली चलाई है तो ऐसे लोगो के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई करे। गांव के घरों में कितनी लायसेंसी बंदूके है उनको जमा कराने की व्यवस्था भी की जाए और संवेदनशील मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में सर्चिंग अभियान भी चलाया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री खत्री ने कहा की गैर कानूनी काम जैसे अवैध शराब, नशा का कारोबार, जुआ गुंडा गर्दी आदि जैसे अपराधो में लिप्त लोगो को चिन्हित करके उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अनिवार्य रूप से कर ली जाए। सभी एसडीएम अपने क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारियो के साथ भी अलग से बैठक कर ले और एक दूसरे के नंबर भी रखे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478